



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

वर्ष 35 अंक 91 | कोरबा, रविवार ,दिनांक 31 दिसम्बर 2023 डाक 01 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या के अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन पर नई अमृत भारत ट्रेनों और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई



**देश-विदेश**

कांग्रेस-भाजपा के बीच मंत्रियों के विभाग बंटवारे को लेकर शुरू हुई सियासत, पूर्व सीएम भूपेश बोले- जूनियरों को दिया सीनियर पद



**कोरिया-जिला**

बंद पड़ी दो खदानों को संजीवनी देगा एसईसीएल, रूकेगी पलायन की समस्या



# जो देश इनोवेशन को महत्व नहीं देता उसका विकास रुक जाता है : मोदी

**नईदिल्ली, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।**

पीएम नरेंद्र मोदी आज रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 108वें एपिसोड पर देश को संबोधित कर रहे हैं। पीएम मोदी आज फिट इंडिया जैसे मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। पीएम मोदी ने संबोधन की शुरुआत में कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता से ओत-प्रोत है। दिवाली में हुए कारोबार ने यह साबित किया कि लोग वोकल फॉर लोकल पर जोर दे रहे हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी आज रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 108वें एपिसोड पर देश को संबोधित कर रहे हैं। पीएम मोदी आज फिट इंडिया जैसे मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने संबोधन की शुरुआत में कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता से ओत-प्रोत है। दिवाली में हुए कारोबार ने यह साबित किया कि लोग वोकल फॉर लोकल पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने आगे चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को याद करते हुए कहा कि इस मिशन के जरिए हमारे देश के वैज्ञानिकों ने देश का नाम रौशन किया। वहीं, खेल जगत में हमारे देश के एथलीट और क्रिकेटर्स ने देशवासियों का दिल जीत लिया। पीएम मोदी ने आगे कहा,आज हमारी साझा यात्रा का 108वां एपिसोड है। हमारे यहां 108 अंक का



महत्व, उसकी पवित्रता एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मन के, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियां, 108 घंटियां... 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए मन की बात का 108वां एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है।

## आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत हैं देशवासी

प्रधानमंत्री ने आगे कहा,ये 140 करोड़ भारतीयों की ताकत है कि इस वर्ष हमारे देश ने कई विशेष उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत का कोना-कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ है। विकसित भारत की भावना से, आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है। 2024 में भी हमें इसी भावना और मोमेंटम को बनाए रखना है। पीएम मोदी ने कहा, भारत का इनोवेशन हब बनना, इस बात का प्रतीक है कि हम रुकने वाले नहीं हैं। 2015 में हम ग्लोबल इनोवेशन इंडैक्स में 81वें रैंक पर थे आज हमारी रैंक 40 है। इस वर्ष भारत में फाइल होने वाले पेटेंट्स की संख्या ज्यादा रही है, जिसमें करीब 60 प्रतिशत घरेलू फंड के थे।

## फिट इंडिया पर पीएम मोदी का जोर

पीएम मोदी ने फिट इंडिया का जिक्र करते हुए कहा,हर दिन 7 घंटे की पूरी नींद शरीर के लिए बहुत जरूरी है और फिट रहने के लिए मदद करती है। इसके लिए बहुत अनुशासन और निरंतरता की जरुरत होगी। जब आपको इसका रिजल्ट मिलने लग जाएगा तो आप हर दिन खुद ही व्यायाम करना शुरू कर दोगे।

## पीएम मोदी ने एआई टूल के फायदा को किया साझा

काशी-तमिल संगमम में हिस्सा लेने के लिए हजारों लोग तमिलनाडु से काशी पहुंचे थे। वहां मैंने उन लोगों से संवाद के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई टूल भाषिणी का सार्वजनिक रूप से पहली बार उपयोग किया।

मैं मंच से हिंदी में संबोधन कर रहा था लेकिन एआई टूल भाषिणी की वजह से वहां मौजूद तमिलनाडु के लोगों को मेरा वही संबोधन उसी समय तमिल भाषा में सुनाई दे रहा था।

## झारखंड के एक आदिवासी गांव को किया याद

प्रधानमंत्री ने आगे झारखंड के एक गांव का जिक्र करते हुए कहा, मैं आपको झारखंड के एक आदिवासी गांव के बारे में बताना चाहता हूं। इस गांव ने अपने बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देने के लिए एक अनूठी पहल की है।इस स्कूल को शुरु करने वाले अरविन्द उरांव कहते हैं कि आदिवासी बच्चों को अंग्रेजी भाषा में दिक्कत आती थी इसलिए उन्होंने गांव के बच्चों को अपनी मातृभाषा में पढ़ाना शुरू कर दिया। अपनी भाषा में पढ़ाई करने से बच्चों के सीखने की गति तेज हो गई।

वहीं, पीएम मोदी ने गुजरात में डायरा की एक परंपरा का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा, रात भर हजारों लोग डायरा में शामिल हो कर मनोरंजन के साथ ज्ञान को अर्जित करते हैं।इस डायरा में लोक संगीत, लोक साहित्य और हास्य की त्रिवेणी, हर किसी के मन को आनंद से भर देती है।

# दस्ताना फ़ैक्ट्री में लगी आग 6 की मौत, दर्जनों घायल

### आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चल सका है

**मुंबई, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।**

रविवार, 31 दिसंबर की तड़के महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में एक दस्ताने बनाने वाली फ़ैक्ट्री के अंदर भीषण आग लग गई. इस घटना में छह कर्मियों की मौत हो गई है. कई और घायल हैं. फिलहाल उनका इलाज चल रहा है. आग लगने का सही-सही कारण अभी तक पता नहीं चल सका है. जांच जारी है. अधिकारियों के मुताबिक़, दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और इमारत के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए अभियान शुरू किया. सुबह तक आग पर काबू पा लिया गया, मगर कुछ लोग बच नहीं पाए. फ़ायर अफ़सर मोहन मुंगसे ने न्यूज़ एजेंसी को




बताया, हमें 2-15 बजे एक कॉल आई. जब हम घटना स्थल पर पहुंचे, तो पूरी फैक्ट्री में आग लगी हुई थी. स्थानीय लोगों ने हमें बताया कि छह लोग अंदर फंसे हुए हैं. हमारे अधिकारी अंदर गए और छह लोगों के शव बरामद किया. फ़ैक्ट्री रात में बंद थी और जब आग लगी, तब कर्मचारी सो रहे थे. स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने के वक़्त इमारत के अंदर क़रीब 10-15 लोग फंसे हुए थे।

# भारत में कोरोना के 800 से ज्यादा मामले, मौत के आंकड़ों ने डराया

**नईदिल्ली, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में रविवार को 841 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले 227 दिनों या सात महीनों में सबसे अधिक दैनिक बढ़ोतरी है. सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, सक्रिय मामले पिछले दिन के 3,997 से बढ़कर 4,309 हो गए हैं. देश में वायरस के कारण तीन नई मौतें भी हुईं, जिनमें केरल, कर्नाटक और बिहार में एक-एक मौत हुई है. स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को भारत में कोविड के 743 नए मामले आए थे.

अपेक्षाकृत कम संक्रमण दर के बाद मामलों में वृद्धि हुई हैं. 5 दिसंबर तक दैनिक मामले दोहरे अंकों तक ही आ रहे थे. कोरोनोवायरस जेएन.1 सब-वेरिएंट के आने और सर्द मौसम की वजह से मामलों में तेजी आई है. जनवरी 2020 में कोविड के प्रकोप के बाद से, भारत में 4.50 करोड़ (4,50,13,272) मामले और 5,33,361 मौतें हुई हैं. मामलों में हालिया वृद्धि के बावजूद, भारत की रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी हुई है, जिसमें 4.44 करोड़ (4,44,75,602) लोग बीमारी से उबर चुके हैं. स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश ने अपने राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान



के हिस्से के रूप में कोविड-19 टीकों की 220.67 करोड़ से अधिक खुराकें दी हैं. ऐसे समय में जब देश नए साल का स्वागत करने की तैयारी कर रहा है, स्वास्थ्य अधिकारी सतर्क हैं और हालात पर बारीकी से निगरानी बनाए हुए हैं. सरकार और प्रशासन ने लोगों से वायरस के आगे प्रसार को रोकने के लिए कोविड -19 सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया है. विशेषज्ञों ने बीमारियों से ग्रसित लोगों और बुजुर्गों को भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने और फेस मास्क पहनने की सलाह दी है. अब तक, शुक्रवार तक नौ राज्यों से छ्ह्.1 सब-वेरिएंट के 178 मामले सामने आए हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या गोवा में 47 और उसके बाद केरल में 41 दर्ज की गई है.अन्य राज्य जहां जेएन.1 मामले पाए गए हैं वे हैं। गुजरात में 36, कर्नाटक में 34, महाराष्ट्र में नौ, राजस्थान और तमिलनाडु में चार-चार, तेलंगाना से दो और दिल्ली से एक शामिल हैं.

# महिला कर्मचारी ने दी जान, बैंक अफसर और पत्नी पर कसा शिकंजा

**गोरखपुर।** प्राइवेट बैंक के अधिकारी और उनकी पत्नी की प्रताड़ना से आजिज महिला कर्मचारी ने गोरखपुर में आत्महत्या कर ली। महिला के पिता की तहरीर पर शाहपुर पुलिस ने बैंककर्मी और उनकी पत्नी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। गोरखपुर के गोरखनाथ थानाक्षेत्र के राजेंद्रनगर पूर्वी में रहने वाले कमलकांत चतुर्वेदी ने शाहपुर पुलिस को तहरीर दिया।उन्होंने लिखा कि उनकी बेटी श्वेता एक प्राइवेट बैंक में काम करती थी। 10 साल पूर्व श्वेता की शादी रामजानकी नगर में रहने वाले बेसिक शिक्षा कार्यालय में तैनात नितिन त्रिपाठी से की थी। दोनों की छह साल की एक बेटी भी है। तीन दिसंबर की शाम को अपने मकान में प्रथम तल स्थित कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर श्वेता लटक गई।

# 2024 से कानून का राज होगा : गृहमंत्री

**रायपुर।** भाजपा के राज में अपराध में बढ़ोतरी के कांग्रेस के आरोप पर गृह मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 15 दिन की सरकार का ऐसा आंकलन नहीं किया जाता. साय सरकार का स्पष्ट मानना हैं कि संविधान के आधार पर सरकार चलें. कानून का राज हो, किसी व्यक्ति विशेष का राज न हो. कानून किसी की जेब में न हो. पहले ऐसा हुआ है, उन सबका उपचार किया जाएगा, निराकरण किया जाएगा. प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नशा बढ़ा है. 13,15 साल के बच्चे इंजेक्शन से नशा करते हैं. ये सब हर हाल में समाप्त होना चाहिए. वहीं नए साल में कानून व्यवस्था को लेकर गृहमंत्री ने कहा कि हर दिन



मेहनत और चुनौती का दिन है. अगले साल भी चुनौतियां होंगी. आने वाला समय प्रदेश के लिए अच्छा हो, कानून का राज हो. नौजवान किसी और दिशा में हैं, उन्हें समझाकर मुख्यधारा में लायेंगे. लोकसभा चुनाव को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा साय सरकार किए हुए वादों को पूरा कर रही है. आने वाले समय में भी जनता का पूरा समर्थन भाजपा को मिलेगा. वहीं बीजेपी की बैठक को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि पार्टी के निर्देश हैं, सरकारों को कैसे होना चाहिए।

# गुरुग्राम रोड पर रोड रेज की घटना में चार गिरफ्तार

**नईदिल्ली, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।**

दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि मेहरौली-गुरुग्राम रोड पर एक रोड रेज की घटना के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान हरियाणा के रोहतक के रहने वाले मनोज, फिर से हरियाणा के ही भिवानी के रहने वाले कविराज, दिल्ली के आया नगर के रहने वाले अनिल कुमार और छतरपुर के रहने वाले प्रभात शर्मा के रूप में हुई है।पुलिस ने सचिन लोहिया नाम के एक व्यक्ति की शिकायत और रोड रेज की घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, घटना शुक्रवार को हुई जिसमें कारों की टक्कर के बाद दो समूहों में विवाद हो गया। पुलिस के मुताबिक, टक्कर के बाद लोहिया और प्रभात शर्मा के ड्राइवर विक्रांत के बीच हाथापाई हो गई। जैसे ही झगड़ा पूरी तरह से हाथापाई में बदल गया, प्रभात ने कथित तौर पर अपने चार सहयोगियों ङ्क जिनकी पहचान मनोज, अनिल, कविराज और अन्य के रूप में घटनास्थल



पर बुलाया। पुलिस ने बताया कि इसके बाद प्रतिद्वंद्वी समूह ने लोहिया की बेरहमी से पिटाई की।पुलिस ने कहा कि प्रभात शर्मा और सचिन लोहिया इस झगड़े में घायल हो गए, उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक आरोपी को दिल्ली पुलिस कर्मियों द्वारा पहनी जाने वाली जैकेट जैसी जैकेट पहने देखा गया था। पुलिस ने आरोपी मनोज के पास से वही सामान बरामद किया, जो उसने झरोदा कलां इलाके से खरीदने का दावा किया था।

# ब्रेक फेलज्सड़क पर दिखा ट्रेन का डिब्बा, देखने उमड़ी लोगों की भीड़

**भागलपुर।** भागलपुर में सड़क पर लोगों को जो नजारा दिखाई दिया। उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। जब लोहिया पुल पर रविवार की सुबह ट्रेन का कोच ले जा रहा ट्रक रेलिंग से टकरा गया। इस कारण बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली इंस्पेक्टर जेपी यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने इसकी जानकारी रेलवे और अपने वरीय पदाधिकारी को दी। तत्काल मौके पर ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर रणधीर कुमार समेत काफी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे। लोहिया पुल पर दोनों तरफ पुलिस बल द्वारा बैरिकेडिंग कर दिया गया। ताकि लोगों की आवाजाही रोकी जा सके।

# आतंकी हाफिज सईद को हमारे हवाले करो भारत ने पाकिस्तानी हुकूमत से फिर की मांग

**नईदिल्ली, 30 दिसम्बर [एजेंसी]।** भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है। आपको बता दें कि वह 26/11 मुंबई हमले सहित विभिन्न आतंकी घटनाओं के लिए भारत में वांटेड है। साप्ताहिक ब्रीफिंग के दौरान सवालों का जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को कहा, जैसा कि आप जानते हैं कि वह भारत में कई मामलों में वांछित है। वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी भी है। इस संबंध में हमने प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को एक विशेष मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए उसे भारत में प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है। भारत लंबे समय से पाकिस्तान से 2008 के मुंबई हमलों में मुकदमे का सामना करने के लिए हाफिज सईद को सौंपने के लिए कह रहा है। सईद पर अमेरिकी सरकार द्वारा 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का इनाम भी रखा गया है। सईद के बेटे तल्हा सईद के पाकिस्तान में चुनाव लड़ने की खबरों पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए बागची ने कहा, पाकिस्तान में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठनों का



मुख्यधारा में आना कोई नई बात नहीं है। यह लंबे समय से पाकिस्तान की नीति का हिस्सा रहा है। इस तरह के घटनाक्रम का हमारे क्षेत्र की सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। हम निश्चित रूप से उन सभी घटनाक्रमों की निगरानी करना जारी रखेंगे जिनका हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है। भारत ने अप्रैल 2022 में तल्हा को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित किया था। वह लश्कर-ए-तैयबा के धन को नियंत्रित करने वाले दूसरे कमांडर के रूप में कार्य करता है। 2019 में तल्हा एक हत्या के प्रयास से बच गया जब लाहौर में एक रेफ्रिजरेटर की दुकान के अंदर एक बम

# कांग्रेस पार्षद की मौत, रफ्तार कार पेड़ से टकराई



**सूरजपुर।** जिले में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां बगीचा इलाके में एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर कांग्रेस पार्षद की मौत हो गई। वहीं परिवार के 3 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दरअसल, कांग्रेस पार्षद अपने परिवार के साथ बच्चे के इलाज के लिए जशपुर जा रहे थे। कार में पत्नी समेत परिवार के 3 लोग सवार थे। इसी दौरान इलाके में घने कोहरे की वजह से रास्ता समझ नहीं आया और कार पेड़ से टकरा गई। जिससे कांग्रेस पार्षद की मौके पर ही मौत हो गई।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# चिलम नहीं देने पर मर्डर, तीन नशेड़ी गिरफ्तार

**सक्ती।** पुलिस के प्रयासों के बाद भी जिले में अपराध थमता नहीं दिख रहा. ताजा मामला सक्ती के बुधवारी बाजार का है. जहां बीते मंगलवार को तीन नशेड़ी बदमाशों ने गांजा पीने के लिए एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया था. 4 दिन तक जिंदगी लड़ने के बाद घयल युवक ने आखिरकार दम तोड़ दिया. पुलिस ने मामले में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर तीनों को जेल भेजा गया है. पुलिस ने बताया कि मृतक रोशन खूंटे बुधवारी बाजार में बन रहे पानी टंकी में मजदूरी का काम करता था. आरोपियों द्वारा गांजा पीने के लिए चिलम की मांग युवक से किया गया. युवक ने चिलम नहीं होने की बात कही. जिसको लेकर वहां



विवाद हुआ. उसी दौरान युवक रोशन खूंटे पर आरोपियों ने लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया. बदमाशों ने युवक के सर में लकड़ी से वार किया था, जिससे उसके सर में गंभीर चोट आई थी. वारदात के बाद एक आरोपी राहुल यादव को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था. वही दो आरोपी सोहेल खान और मानव सिदार फरार हो गए थे. इनमें से एक आरोपी सोहेल खान ओडिसा में हुलिया बदलकर रह रहा था. दूसरा आरोपी मानव सिदार सक्ती के पास एक गांव में छिपा था. जिसे मुखबिर की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पिछड़ी जनजाति के वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने शिविरों का किया जा रहा आयोजन

## लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही आधार, आयुष्मान, जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं से किया जा रहा लाभान्वित





**कोरबा ।** कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा शेड्युल निर्धारित कर पीव्हीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। इन शिविरों में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड कोरबा के ग्राम छातासराई, माखुरपानी, पतरापाली, गढ़उपरोड़ा, देवपहरी, विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत कटोरीनगोई, मल्दा, बांझीपारा, गुडरूमुड़ा (मांझीपारा) में पीएम जनमन योजना का लाभ पहुंचाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार पाली जनपद के डोंगानाला सहित अन्य सभी जनपदों के पीव्हीटीजी बसाहटों में योजना अनुरूप शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत ऐसे समुदायों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस दौरान शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण के रूप में बीपी, शुगर, आंख, खून की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी प्रदान की जा रही है। विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को शिविर तक लाने हेतु महिला कर्मचारियों, स्वसहायता समूह द्वारा सहयोग भी किया जा रहा है एवं शिविर की नियमित मॉनिटरिंग हेतु गठित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारियों की टीम द्वारा शिविर का निरीक्षण कर संबंधित विभागों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है।

## रोजगार की मांग पर भू विस्थापित किसान करेंगे कल जंगी प्रदर्शन

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र के भू-विस्थापित किसान नियमित रोजगार देने की मांग पर एसईसीएल के कुसमुंडा मुख्यालय के सामने 1 जनवरी को जंगी प्रदर्शन करेंगे। कुसमुंडा महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी किसान और भू विस्थापित संगठन ने दी है।

उल्लेखनीय है कि भूविस्थापितों को नियमित रोजगार देने की मांग पर 789 दिन से किसान सभा के नेतृत्व में भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के बेनर तले अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। इस बीच कई बार खदान बंदी भी की गई और आंदोलनकारी गिरफ्तार भी किये गए हैं। एसईसीएल प्रबंधन ने कई बार भू विस्थापितों को रोजगार देने का लिखित वादा भी किया था, लेकिन इसमें कभी एसईसीएल ने वायदा पूरा करने का काम नहीं किया। छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेता प्रशांत झा,दीपक साहू और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के रेशम यादव,दामोदर श्याम, रघु ने कहा कि इस क्षेत्र में वर्ष 1978-2004 के मध्य भूमि का अधिग्रहण किया गया है, इसलिए तब की पुनर्वास नीति के तहत रोजगार देने की उनकी मांग जायज है, उनका कहना है कि यदि एसईसीएल ने उन्हें समय पर रोजगार नहीं दिया है, तो इसके लिए प्रबंधन जिम्मेदार है, न कि भूविस्थापित किसान। इसलिए पुरानी नीति से मुआवजा और नई नीति से रोजगार की एसईसीएल की पेशकश आंदोलनकारियों को स्वीकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसईसीएल प्रबंधन भू विस्थापितों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन भू विस्थापित जमीन के बदले रोजगार मिलने तक संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि विस्थापितों को सम्मानजनक जीवन और पुनर्वास प्रदान करना एसईसीएल और सरकार की जिम्मेदारी है, इसलिए वह सभी भू विस्थापित परिवारों के एक-एक सदस्य को रोजगार देने की प्रक्रिया जल्द पूरी करे।किसान सभा के जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा कि जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मना रही होगी, तब कुसमुंडा के भू-विस्थापित किसान अपने परिवार के साथ अपनी जमीन के बदले रोजगार की मांग को लेकर एसईसीएल कुसमुंडा मुख्यालय के सामने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे।789 वें दिन धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से बृजमोहन,जय कौशिक, सनत,दीनानाथ, अनिल बिंझवार,मोहन यादव, हरिहर पटेल,उत्तम दास,माणिक दास,होरी,फणींद्र,हेमलाल,नरेंद्र, गोरे लाल,जितेंद्र,अनिरुद्ध,विजय, रामखिलावन, कृष्णा,चंद्र शेखर,रवि कांत,गणेश राम, डुमन, उपस्थित थे।

## अखंड पाठ सहित कई अनुष्ठान करने की योजना

कोरबा। मृगशिरा नक्षत्र में अयोध्या में निर्मित श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को मध्याह्न में संपन्न होगी। द्रविण पुरोहित के द्वारा निकाले गए मुहूर्त के साथ आगे की समय सारिणी तैयार की गई है और इसके तहत देशव्यापी अभियान को संचालित किया जाना है। स्थानीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिवस पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वागत के प्रबंध किये जाएंगे। मंदिरों में वृहद स्तर पर अनुष्ठान की योजना है।

विश्व हिंदू परिषद और संबंधित हिंदू संगठन समाज के साथ मिलकर इस अभियान पर काम कर रहे हैं। लगातार इस हेतु जगह-जगह बैठकें ली जा रही है। इससे पहले अयोध्या में पूजित अक्षत कलश के जिला मुख्यालय में पहुंचने और इसके पश्चात् तहसील से लेकर मंडल व खंड स्तर पर वितरण का काम किया गया। 1 जनवरी से अभियान को विकेंद्रीकृत करते हुए गृह संपर्क पर काम होना है। लोगों को अक्षत के साथ अयोध्या दर्शन के लिए प्रेरित करने की तैयारी इस दौरान हर हिंदू घर तक भगवान राम का चित्रक पहुंचाया जाएगा। बताया गया कि 1 जनवरी से ही 21 जनवरी तक हर स्तर पर प्रभात फेरी व भजन-कीर्तन जैसी गतिविधियां संचालित की जाएगी।

# विभिन्न ग्रामों में शिविर के माध्यम से आमजनों को योजनाओं की दी जा रही जानकारी

## शिविर में योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग



**कोरबा ।** भारत सरकार की योजनाओं से आम नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में आज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम रंगबेल व जपेली, जनपद पंचायत करतला के फत्तेगंज, औराई व ननियारी, विकासखंड कोरबा के ग्राम अमलडीहा व बलसेंधा तथा सिमकेंदा व ढेंगुरडीह में, पोडी उपरोडा ब्लॉक के गिद्धमुड़ी, बनिया में, विकासखंड पाली के ग्राम पोटापानी, अलगीडांड व बगधरीडांड में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंची। जिसमें एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इन शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं। शिविर स्थल पर सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि पार्षदगण तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## राजधानी में चार दिन प्रशासनिक काम निपटाएगें मंत्री

**कोरबा।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मुख्यमंत्री, दोनों डिप्टी सीएम और मंत्रियों के लिए फरमान जारी किया है. सूत्रों के अनुसार जारी फरमान के अनुसार प्रदेश में सुशासन और बेहतर कार्य संपादित करने के लिए सप्ताह में चार दिन राजधानी में रहकर प्रशासनिक कार्य निपटाने होंगे, जबकि तीन दिन विधानसभा क्षेत्र में रहकर वहां के लोगों की समस्याओं, मांगों के अनुरूप विकास कार्य कराने होंगे.

साथ ही विधानसभा क्षेत्र के लोगों से लगातार संवाद स्थापित कर भाजपा शासन द्वारा संचालित किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी देना है. साथ ही केंद्र और राज्य की योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए काम करना होगा। क्योंकि आगामी चार माह तक लोकसभा चुनाव के लिए मंत्रियों और विधायकों को विधानसभा स्तर पर वोटरों को साधकर रखना होगा, ताकि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 सीटें जीती जा सकें.बताया जाता है कि शीर्ष नेतृत्व ने विधायकों को भी नसीहत दी है कि लोकसभा चुनाव तक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में ही रहें. सप्ताह में एक-दो दिन जरूर क्षेत्र के कार्यों के लिए राजधानी में आएं. इसके बाद फिर से विधानसभा क्षेत्र में रहकर लगातार लोगों से संपर्क में रहे. ताकि क्षेत्र की जनता को यह महसूस नहीं होना चाहिए, चुनाव बाद विधायक लोगों से मिल-जुल नहीं रहे हैं.

## महापौर ने बी.टी. सड़क निर्माण का किया निरीक्षण गुणवत्ता के साथ कार्य कराने के दिये निर्देश



**कोरबा।** महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद का वार्ड क्र.-46 अयोध्यापुरी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के अन्तर्गत दर्री मुख्य मार्ग से सतनाम चौक अयोध्यापुरी में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वहां के निवासियों की सड़क व नाली की मांग को पूरा कराने के लिए महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड वासियों से उनकी मांगों के अनुरूप कार्य कराने का आश्वासन दिया था। उसी के तहत सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसके निरीक्षण पश्चात नगर पालिक निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्य गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तथा समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कराये जिसका लाभ वहां के लोगों को जल्द से जल्द प्राप्त हो सके।

महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड वासियों से चर्चा कर अन्य समस्या को जाना, तब वार्ड वासियों ने नाली की साफ-सफाई तथा कुछ स्थानों पर नाली के स्लैब टूट गये उनकी जानकारी में लायी गई जिसके लिये निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर उसे सड़क के साथ पहले नालियों की साफ-सफाई कर उसे ठीक कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान राजेन्द्र तिवारी, सर्वजीत सिंह, डॉ. एल.पी. साहू, भुवनेश्वर दुबे, सुरेन्द्र यादव, बी.एन. सिंह, मनोज अग्रवाल, जयकुमार कुर्रे, राजा कुशवाहा, नवीन वर्मा, नरेश कुमार, सुदर्शन, छत्रपाल आदि की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा यात्रा के तहत शिविर का आयोजन आज

**कोरबा ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 31 दिसंबर 2023 को विकासखंड विकासखंड कटघोरा के ग्राम बिरदा में 10 बजे और गंगदेई में 2 बजे से, पोडी उपरोडा ब्लॉक के घुंचापुर में 10 बजे से, लाद में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम जुनवानी में 10 बजे से तथा श्रीमार व बोड़ाछाप मे 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम मादन में 10 बजे से और सैला में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# अब ड्रोन कैमरे से होगी हाथियों की निगरानी

**कोरबा।** प्रभावित क्षेत्रों में जनवरी माह से थर्मल ड्रोन कैमरे से हाथियों की निगरानी शुरू हो जाएगी। आचार संहिता के कारण कटघोरा वनमंडल कार्यालय से कैमरे की खरीदी की संविदा को निरस्त करनी पड़ी थी। विभाग के पास वर्तमान में एकमात्र सामान्य ड्रोन कैमरा है, थर्मल कैमरा उपलब्ध होने से रात के समय में हाथियों के गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हे वन क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को शासन से अवगत कराया जाएगा।

जिले के कोरबा और कटघोरा वन मंडल के प्रभावित ग्रामीणों व हाथियों की सुरक्षा महज औपचारिक हो रहा है। विभाग में अमलों की कमी होने के कारण अधिकारी अपने दायित्व को पूरा करने में नाकाम हैं। दोनों वन मंडल के रिक्तियों पर गौर करें तो कोरबा में छह व कटघोरा में सात वन परिक्षेत्र हैं। वन रक्षकों के 112 स्वीकृति पदों में 48 पद खाली हैं। वर्ष भर में सबसे अधिक समय हाथी पसान वन परिक्षेत्र में रहते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसे 16 वनक्षेत्र में विभाजित किया गया है। सभी वन क्षेत्रों वन रक्षकों की नितांत आवश्यकता है। यहां सेन्हा, लोकडहा, तिलईडांड़, जलके, कर्री व अड़सरा ऐसे वन क्षेत्र हैं जहां बीते तीन साल से वन रक्षकों के पद खाली हैं। नियुक्ति के अभाव में हाथियों के दल के आवागमन के बारे में सहीं समय में सूचना नहीं मिलती। बताना होगा 50 हाथियों का दल इन दिनों पसान, केंदई व एतमानगर में विचरण कर रहा है। किसानों ने धान की फसल को को काटकर खलिहानों में रख लिया है। ऐसे में हाथी वहीं भी धमक कर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गांव के आसपास हाथियों के विचरण से धान मिसाई का काम बंद हो गया है। बताना होगा कि हाथियों से जानमाल की हो रही नुकसान से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित गांवों में प्रभावितों के लिए आवास और सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा तो की गई लेकिन अब तक पहल शुरू नहीं हुई है। हाथियों संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में फसल नुकसान का दायरा भी बढ़ रहा है। हाथी संरक्षण को लेकर कारगर कदम नहीं उठाए जाने से किसान परेशान हैं।

# नए साल में यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी, अनेक ट्रेनें हुई रद्द

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली अधिकांश एक्सप्रेसों ट्रेनों की लेटलतीफी से परेशान यात्रियों के सामने एक और मुश्किल शुरू हो गई है। दरअसल नए साल का जश्न मनाने के लिए दक्षिण भारत जाने की तैयारी कर चुके यात्री अचानक से ट्रेनें रद होने से परेशान हैं, क्योंकि शनिवार 30 दिसंबर से कई साप्ताहिक ट्रेनें रद होने लगी है।

रेल मंडल से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर-बिलासपुर से होकर दक्षिण भारत के लिए चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन रद हो रही हैं। दरअसल दक्षिण मध्य रेलवे के काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के हसनपार्थी पार्टी रोड स्टेशन और उप्पल स्टेशन के बीच तीसरी रेल लाइन के लिए ब्लाक लगने जा रहा है, इसलिए कोरबा और बिलासपुर से बेंगलुरु, केरल, हैदराबाद, सिकंदराबाद जैसे शहरों के बीच नए साल के पहले सप्ताह में कई ट्रेनें रद होने जा रही हैं।ऐसे हालात में साल 2023 को अलविदा कहने और नए साल 2024 का जश्न मनाने के लिए एक महीने पहले से घूमने-फिरने की तैयारी कर चुके यात्रियों को या तो सफर रद करना पड़ रहा है या फिर फ्लाइट या सड़क मार्ग से जाने को विवश होना पड़ रहा है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण मध्य रेलवे में तीसरी रेल लाइन के कमीशनिंग के लिए नान इंटर लाकिंग काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के हसन पार्थी पार्टी रोड स्टेशन व उप्पल स्टेशन के बीच शुरू हो चुका है। ऐसे में तीन जनवरी को कोरबा से चलने वाली ट्रेन नंबर 22647 कोचुवेली एक्सप्रेस रद रहेगी। यह ट्रेन एक जनवरी को कोचुवेली से नहीं चलेगी।

इसी तरह से दो और नौ जनवरी को बिलासपुर से ट्रेन नंबर 22619 तिरुनेलवेली एक्सप्रेस रद रहेगी। यह ट्रेन तिरुनेलवेली से 31 दिसंबर और सात जनवरी को रद रहेगी। नौ और 14 जनवरी को ट्रेन नंबर 12251 यशवंतपुर से कोरबा के लिए आने वाली ट्रेन रद रहेगी। वही कोरबा से यह ट्रेन 11 और 14 जनवरी को रद रहेगी। ट्रेन नंबर 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल एक्सप्रेस 30 दिसंबर को नहीं चली, जबकि छह और 13 जनवरी को रद और रक्सौल तरफ से दो, नौ और 16 जनवरी को रद रहेगी।

# परिवहन विभाग के जांच से मचा हड़कप



**कोरबा ।** कोरबा शहर में परिवहन विभाग ने नए बस स्टैंड में वाहनों के फिटनेस को लेकर अचानक जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना परमिट चल रही 1 गाड़ी को जब्त किया गया, जबकि दस वाहनों पर अर्थदंड लगाया गया। जिले में घटित हो रहे हादसों पर लगाम लगाने वाहनों से जुड़ी खामियों को देखने और रखरखाव को लेकर परिवहन विभाग ने सख्त कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

शहर के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बस स्टैंड में परिवहन विभाग दल ने अपनी उपस्थिति दर्ज करने के साथ उन वाहनों की तलाश की जो फिटनेस नियम का पालन नहीं कर रहे थे। ठंड के मौसम में कोहरा होने के कारण होने वाली घटनाओं को ध्यान में रखते हुए वाहनों पर अनिवार्य रूप से सामने और पीछे रेडियम पट्टी लगाने पर जोर दिया जा रहा है।

परिवहन विभाग के आरटीओ विभाग के उड़न दस्ता निरीक्षक सुजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 1 वाहन जब्त किया गया है, जबकि 10 पर अर्थदंड की कार्यवाही की गई है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बस स्टैंड में सघन जांच कार्यवाही की जा रही है। कई बसों में रेडियम नहीं होने के चलते देर रात हादसे से हो चुके हैं। इस लिए बस संचालको को निर्देश दिया गया है कि वाहनों में रेडियम लगाएं। हमने मौके पर ही रेडियम लगाने का प्रबंध भी किया है। हादसों पर निश्चित अंकुश लगेगा।

इससे पहले कोरबा जिले में लोगों की शिकायत पर बोगस परमिट से संचालित हो रहे अंतरराज्यीय मार्ग के वाहनों पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है।

# सिगड़ी जलाकर सोना पड़ा महंगा, परिवार का घुटा दम, 9 लोग अस्पताल दाखिल

कोरबा। सिगड़ी जलाकर सोना एक परिवार के लिए महंगा पड़ गया। ठंड से बचने परिवार ने कमरे में ही सिगड़ी रख दी थी। रात में उनका दम घुटने लगा और हालत बिगड़ गई। अन्य कमरे में सोए परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें विकासनगर चिकित्सालय लाया जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुसमुंडा थाना अंतर्गत न्यू रेलवे कॉलोनी में निर्मला टांडी निवासरत है। उसके घर क्रिसमस मनाने परिवार के लोग पहुंचे हुए हैं। क्रिसमस के बाद भी परिजन रेलवे कॉलोनी में ठहरे हुए हैं। शुक्रवार की रात ठंड से बचने निर्मला टांडी ने सिगड़ी जलवायी थी। कुछ देर तक आग तापने के बाद सिगड़ी को कमरे ही रखकर सभी सोने चले गए। देर रात अचानक कमरे में सोए लोगों के आखों में जलन, सिर दर्द और उल्टियां होने लगी। चक्कर आने की समस्या को देखते हुए उन्हें आनन-फानन में एसईसीएल के विकासनगर कुसमुंडा डिस्पेंसरी में लाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। लिहाजा उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में दाखिल लोगों में साइबो सोनवारी, हिमांगी नायक, नमिता नायक, नंदिनी नायक, दो पुरूष सहित 9 लोग शामिल हैं। सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।कोरबा में खदानों की बहुतायत है। यहां कोयला आसानी से उपलब्ध हो जाता है। यही वजह है कि खासकर मोहल्लों और बस्तियों में सिगड़ी में ही लोग भोजन पकाते हैं। सरकार ने धुआं से मुक्ति दिलाने उज्ज्वला योजना की शुरूआत की है। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना का लाभ भी दिया गया है। मगर गैस की बढ़ती कीमत के कारण अधिकांश उज्ज्वला कनेक्शनधारी रिफिलिंग नहीं करा पा रहे है। यही वजह है कि इस तरह के मामलों में सिगड़ी जानलेवा साबित हो रहा है।

# अधिवक्ता प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**कोरबा।** जिला अधिवक्ता संघ की ओर से शनिवार को प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच यूथ इलेवन व फ्रेंड्स इलेवन के बीच खेला गया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के अध्यक्ष संजय जायसवाल, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, महिला उपाध्यक्ष उत्तरा राठौर, सचिव नूतन राठौर, ग्रंथालय सचिव कमलेश श्रीवास, खेल एवं सांस्कृतिक सचिव रवि भगत, कार्यकारणी सदस्य क्रांति श्रीवास, अमित साहू, सुधीर निगम, सुनील सोनवानी, श्याम अग्रवाल, मिथलेश आदिले, हरीश देवांगन, दीपेश साहू, धीरज शर्मा, रामेश्वर मांझी, मीनू त्रिवेदी, कल्पना पांडेय, शिव कंवर, अरुणा श्रीवास्तव महिला अधिवक्ता सहित संघ के सदस्य उपस्थित रहे।



# सड़क निर्माण में हो रही लीपापोती गुणवत्ता पर नहीं है ध्यान

**जांजगीर चांपा।** बनाहिल से लेकर मुलमुला तक तकरीबन 8 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में अधिकारियों पर लीपापोती का आरोप क्षेत्र के लोग लगा रहे हैं। क्योंकि सड़क में गुणवत्ता का अभाव देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता से की है लेकिन ईई भी ठेकेदार पर काम में गुणवत्ता लाने दबाव नहीं बना पा रहे हैं। इसके चलते सड़क मापदंड के मुताबिक नहीं बन पा रही है।

इन दिनों लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाहिल से लेकर मुलमुला तक तकरीबन 8 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों ने आरोपों की झड़ी लगा दी है। क्योंकि सड़क में गुणवत्ता दरकिनार कर दिया गया है। जितनी चौड़ाई व तय मानकों के मुताबिक डामर व अन्य मटेरियल का इस्तेमाल होना था वह नहीं किया जा रहा है। जिससे सड़क की गुणवत्ता धरी की धरी रह जाएगी। बताया जा रहा है कि मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मॉनिटरिंग करने मौजूद नहीं रहते। इसके चलते ठेकेदार मनमानी पूर्वक काम कर रहा है। बताया जा रहा है कि यह काम बाराद्वार के किसी नामी ठेकेदार को काम मिला है। जिसकी पहले भी कई तरह की शिकायतें मिल चुकी है। बावजूद जिले का हर काम उसी को दिया जा रहा है।बताया जा रहा है कि यह सड़क कुछ दिन पहले ही बनी थी, लेकिन गुणवत्ता के अभाव के चलते यह सड़क बहुत जल्दी उखड़ गई। खासकर कई स्थानों में पुल होने से बारिश के दिनों में पानी पुल के ऊपर से भी बहती है। इससे सड़क उखड़ जाती है। ऐसे स्थानों में मजबूत ढलाई की जरूरत पड़ती है। लेकिन ठेकेदार ने तय मानकों को नजर अंदाज कर रहा है। जिससे आने वाले दिनों में सड़क फिर से उखड़ जाएगी। इसका जिम्मेदार आखिर कौन होगा। सच कहा जाए तो जांजगीर चांपा जिले में लोक निर्माण विभाग के कार्य पर अभियंता के पी लहरे जब से आए हैं तब से सुर्खियों में रहे हैं उनके कार्यों पर हमेशा से प्रश्न चिन्ह लगते रहा है और उनके द्वारा विभाग को गुणवत्ताहीन कार्य करा कर खोखला किए जाने का मामला हमेशा शिकायतों में मिला है परंतु ऐसे अधिकारी का स्थानांतरण जिले से बाहर नहीं किया जाना बहुत ही दुखद हो गया है। जो कार्यों की लागत कम होने के बावजूद अधिक लागत दिखाकर एवं फर्जी मेजरमेंट के सहारे विभाग को चूना लगा रहे हैं। उक्त अधिकारी के रहते भाजपा शासन के कार्यों का उद्देश्य पूर्ति हो पाना मुश्किल जान पड़ता है। क्योंकि वर्तमान अधिकारी कांग्रेस मानसिकता के साथ भ्रष्टाचार संचालित करने वाला नजर आते हैं ऐसे में इनका तबादला किए जाने के साथ-साथ उनके कार्यों का सूक्ष्म जांच किया जाना भी आवश्यक है।





## संजय भोपालपुरिया बने अग्रवाल समाज के अध्यक्ष

**जांजगीर नैला ।** अग्रवाल समाज नैला-जांजगीर के नए पदाधिकारियों के लिए चुनाव शनिवार को संपन्न हुआ । चुनाव में संजय भोपालपुरिया अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं संजय अग्रवाल (जगनी) निर्विरोध सचिव चुने गए। अग्रवाल समाज नैला-जांजगीर के चुनाव में 326 में 311 सदस्यों ने वोट डाले। जिसमें मनोज अग्रवाल (कालू) को 147, संजय भोपालपुरिया को 161 वोट मिले। 3 वोट निरस्त हुए। इस तरह संजय भोपालपुरिया अध्यक्ष निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने समाज हित में सभी को साथ लेकर काम करने की बात कही। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष समेत संघ के पदाधिकारी व सदस्यगणों ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञात होगी ज्ञात हो कि अग्रवाल समाज के अध्यक्ष चुनाव को लेकर काफी दिनों से गम गामी चल रही थी जिसमें अनेक दावेदार चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक थे जिसमें से कुछ लोगों को आपसी सामंजस्य से चुनाव लड़ने से मना लिया। वही अध्यक्ष पद के लिए दो नाम शेष रह गए थे जिनके बीच कल चुनाव संपन्न हुआ इस चुनाव में अध्यक्ष और सचिव दोनों पद पर संजय नामक व्यक्ति चयन हुए हैं जिनमें से संजय गोपालपुरिया अध्यक्ष का चुनाव जीते हैं तो वहीं संजय अग्रवाल कपूर (जगनी) सचिव निर्विरोध चुने गए हैं बहरहाल अग्रवाल समाज के इस चुनाव में दो संजय जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

## चाकू दिखा कर दैहिक शोषणकरने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** 26.12.2023 को रात्रि में पीड़िता घर पर अकेली थी तभी आरोपी द्वार महिला को अकेली पाकर जान से मार देने की धमकी देने लगे पीड़िता महिला द्वारा चिल्लाई तो चाकू से प्राण घातक हमला कर जबरदस्ती दैहिक शोषण किया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 655/2023 धारा 376, 506, 307 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया था। अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपी को ग्राम अमरताल थाना अकलतरा से हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया तो आरोपी द्वारा घटना घटित करना एवम अपना जुर्म स्वीकार किया एंव घटना में प्रयुक्त चाकू को पेश करने पर बरामद किया गया है। विवेचना के दौरान आरोपी नान ठाकुर डहरिया निवासी अमरताल के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 29.12.23 को न्यायिक रिमांड में भेजा गया।



## महुआ शराब के साथ विक्रेता आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** पुलिस को दिनांक 29.12.2023 को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि थाना अकलतरा क्षेत्र के अंधियारी पाठ में अवैध शराब बिक्री की जाती है कि सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपी दिलीप सारथी निवासी अंधियारीपाठ मिला जिसके कब्जे से अलग अलग बड़े जारिकेंन में रखे 90 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 9000/? को बरामद किया जाकर थाना अकलतरा में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 656/2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार किया जाकर दिनांक 30.12.23 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।



ऋषभतीर्थ दमऊधारा के आसपास इन दिनों वनभोज करने वालों की आमद जदा हो रही है। लोग इन पलों को सहेजना चाहते है।

## शहर में पानी पहुंचाने क्षतिग्रस्त कर दी गांवों की पाइपलाइन

**डभरा।** मिरौनी बैराज से जिला मुख्यालय सक्ती नगर पालिका के लिए जल आवर्धन योजना के तहत पानी ले जाने के लिए ठेकेदार द्वारा जेसीबी से जगह-जगह खोदकर कर पाइप-लाइन एवं जियो और आइडिया के केबल को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। ग्राम बासीन में मुख्य सड़क मार्ग के किनारे जेसीबी मशीन से खोदाई कर ठेकेदार एवं इंजीनियर ने नियम कायदे को ताक पर रखते हुए पक्की सड़क के किनारे जेसीबी से खोदाई कर पाइप डाला है।

जिसके कारण सड़क किनारे बिछाई गई जियो, आइडिया, बीएसएनल के केबल को क्षति पहुंची है। इससे दूरसंचार व्यवस्था चरमरा गई है । जल जीवन मिशन के तहत पीएचई विभाग के माध्यम से गांवों में बिछाए गए पाइप लाइन को भी क्षति पहुंचाई गई है। जिस कारण ग्रामीणों में रोष है। ग्राम पंचायत घोघरी की सरपंच मुनुदाई सिदार एवं ग्रामीणों ने लिखित शिकायत कलेक्टर, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और एसपी से करते हुए ठेकेदार एवं विभाग के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। पंचायत ने क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सुधारने की मांग की है। उन्होंने लिखित शिकायत 27 दिसंबर को कलेक्टर सक्ती एवं उच्च अधिकारियों को लिखा है कि ठेकेदार द्वारा पाइप-लाइन बिछाने के समय ग्राम पंचायत घोघरी के जल जीवन मिशन योजना के लिए लगाए गए पाइपलाइन को तोड़ दिया गया है ।

इस पाइप लाइन से हर घर में पीने के लिए पानी पहुंच रहा था। ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन को जेसीबी मशीन से तोड़ कर उखाड़ दिया गया है। जिस कारण ग्रामीणों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। ठेकेदार को कहने के बाद भी उनके द्वारा मरम्मत नहीं कराई गई। संबंधित ठेकेदार ने मनमानी करते हुए पाइपलाइन बिछाने के बहाने कई गांव की पाइपलाइन एवं दूरसंचार व्यवस्था को तहस नहस कर दिया । ग्राम पंचायत घोघरी के ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं । यहां 90 फीट पानी निकासी पाइप लाइन को भी तोड़ दिया गया है साथ ही पक्की सड़क को खोद कर पाइपलाइन डालने से जगह-जगह बड़-बड़े गड्ढे हो चुके हैं । यहां कभी भी हादसा हो सकता है। पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे की मिट्टी को भी सड़क किनारे छोड़ दिया गया है। जिसके चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



**बासीन में जल आपूर्ति ठप**

जल आवर्धन योजना ठेकेदार ने मनमाने ढंग से क सड़क किनारे खोदाई का कार्य कराया है। जिस कारण ग्राम बासीन के पारा टोला मोहल्लो के लिए जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइप लाइन जगह जगह क्षतिग्रस्त हुई है। पाइप लाइन के क्षति ग्रस्त होने से गांव में जल आपूर्ति बाधित हो गई है। केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत विस्तारित पाइपलाइन के उखड़ जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। सड़क किनारे बड़े गड्ढे होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

## नगर पंचायत चंद्रपुर में भी मिनी स्काई लिफ्ट खरीदी घोटाला

**जांजगीर- चांपा ।** मिनी स्काई लिफ्ट की खरीदी अधिक दर पर स्थानीय निकायों द्वारा किए जाने के मामले में जिन नगरीय निकायों की शिकायत हुई हैं उसमें सक्ती जिले के चंद्रपुर नगर पंचायत भी शामिल है। यहां भी अलग-अलग तिथि में 37 मिनी स्काई लिफ्ट खरीदे जाने की शिकायत हुई है। एक मिनी स्काई लिफ्ट 14 लाख 28 हजार रूपए में खरीदे जाने की शिकायत अंबिकापुर के आरटीआई एक्टिविस्ट और अधिवक्ता डीके सोनी ने राज्यपाल से की है। राज्यपाल के अवसर सचिव ने सचिव नगरीय प्रशासन को मामले में उचित कार्रवाई करने के संबंध में पत्र लिखा है।

शिकायतकर्ता ने अन्य कई नगरीय निकायों का उल्लेख किया है मगर सक्ती जिले के चंद्रपुर नगर पंचायत में 15 मई 2021 को 5 नग, 17 जून 2021 को 7 नग, 30 दिसंबर 2018 को 10 नग, 28 फरवरी 2020 को 14 नग और 21 सितंबर 2021 को 1 मिलाकर 37 मिनी स्काई लिफ्ट खरीदे जाने की शिकायत की है। इसमें से 12 नग मिनी स्काई लिफ्ट की खरीदी मेसर्स रजनी इण्डस्ट्रीज भंडारी चौक ग्राम फगुरम से किया जाना बताया गया है जबकि 16 मिनी स्काई लिफ्ट की खरीदी वंदना एग्रो इण्डस्ट्रीज सक्ती से करने की शिकायत की गई है। वहीं 10 मिनी स्काई लिफ्ट की खरीदी वंदना एग्रोटेक सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास सक्ती से खरीदे जाने की शिकायत हुई है।

शिकायतकर्ता ने यह भी बताया है कि बाजार में मिनी स्काई लिफ्ट की कीमत 5 लाख रूपए हैं जबकि इसकी खरीदी 14 लाख से 14 लाख 28 हजार के दर से की गई है। छोटे से नगर पंचायत चंद्रपुर में 4 साल में 37 नग मिनी स्काई लिफ्ट की क्या उपयोगिता है यह भी समझ से परे है। जबकि नगर पालिकाओं में इतनी संख्या में मिनी स्काई लिफ्ट नहीं है। जितनी संख्या में मिनी स्काई लिफ्ट की खरीदी बताई गई है उतनी स्काई लिफ्ट नगर पंचायत में है भी नहीं । बहरहाल इस मामले की जांच में सारी सच्चाई सामने आने की संभावना है।

नगर पंचायत अड़भार में भी वंदना एग्रो इण्डस्ट्रीज सक्ती से एक मिनी स्काई लिफ्ट 14 लाख 6 हजार 762 रूपए में खरीदे जाने की शिकायत अधिवक्ता डीके सोनी ने की है।

## कोहरा के कारण नहीं दिखा स्पीड ब्रेकर, शक्कर की बोरियों से भरा ट्रक पलटा

**बिर्रा।** कोहरा होने के कारण ग्राम के मुख्य मार्ग में बने स्पीड ब्रेकर को शक्कर लेकर जा रहा ट्रक चालक देख नहीं पाया और अचानक ब्रेक लगा दिया, जिसमें तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे पलट गया। ट्रक में भरी हुई शक्कर की बोरियां सड़क में बिखर गई। वही ट्रक की ठोकर से सड़क किनारे बना हनुमान मंदिर भी क्षतिगस्त हो गया।

शनिवार को बदली होने के कारण घना कोहरा छाया हुआ था। सडक में सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं दे रहे थे। चालकों को लाइट जलाकर चलाना पड रहा था। शनिवार को शक्कर लेकर जा रहा ट्रक सुबह तकरीबन 7ः30 बजे बिर्रा मुख्य मार्ग से जा रहा था। वाहन मुख्य मार्ग में बने स्पीड ब्रेकर के पास पहुंचा था। कोहरा के कारण ब्रेकर को चालक देख नहीं पाया और अचानक से ब्रेक लगा दिया। ट्रक तेज रफ्तार में के कारण चालक ट्रक पर अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे पलट गया।



जिससे ट्रक में भरी हुई शक्कर की बोरियां सड़क में बिखर गई। वही ट्रक की ठोकर से सड़क किनारे बना हनुमान मंदिर भी क्षतिगस्त हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। ट्रक की सुरक्षा के लिए पुलिस जवान भी तैनात कर दिया गया। ट्रक के पलटने के कारण बिलासपुर रायपुर को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग में वाहनों को कतार लग गई। किसी तरह से सड़क से ट्रक को किनारे किया गया है जिसके बाद आवागम चालू हुआ ।

## सोन पर अधूरा पुल बनाकर हाथ खड़े कर दिए ठेकेदार ने, लोग नाराज



**हसौद ।** सोन नदी में सालों पहले लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए पुल निर्माण शुरू किया गया था लेकिन ठेकेदार के द्वारा पुल का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। इसके चलते लालमाटी, भनेतरा सहित करीब आधा दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुल निर्माण को पूरा करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया मगर अधिकारियों के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया।इससे ग्राम पंचायत हसौद के आक्रोशित ग्रामीणों ने सालों से अधूरा पड़े पुल को पूरा कराने की मांग को लेकर रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ग्राम पंचायत हसौद के मुख्य मार्ग में सोन नदी पर लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए पुल निर्माण शुरू किया गया था लेकिन ठेकेदार के द्वारा पुल का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। हसौद के आसपास लालमाटी, भनेतरा व अन्य छोटे- छोटे गांव है। जहां ना तो प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्र है और नहीं बेहतर शिक्षा के लिए उच्च स्तरीय विद्यालय है और ना ही एक भी प्रशासनिक कार्यालय है। इस समस्या को देखते हुए इन गांवों को हसौद से जोड़ने के लिए हसौद मुख्य मार्ग पर सोन नदी में पुलिया निर्माण कराया जा रहा था । जो अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीणों को कई किलोमीटर घूमकर हसौद आना पड़ता है। इसके चलते क्षेत्र के ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार 30 दिसंबर को ग्राम भनेतरा आंबेडकर चौक से पैदल मार्च करते हुए पुलिया निर्माण को पूरा कराने की मांग को लेकर हसौद तहसील कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने प्रशासन को 15 दिन में अधूरे पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं करने पर चक्काजाम और धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

### रात 10 बजे तक डीजे, नए साल में रात 12 बजे तक मिलेगी शराब, आधे घंटे होगी आतिशबाजी

**बिलासपुर।** नए साल की पूर्व संध्या पर होटल, रिसार्ट, बार और क्लब में रात 10 बजे तक डीजे बजाए जा सकेंगे। लाइसेंसी बार, क्लब और रिसार्ट में रात 12 बजे तक ग्राहकों को शराब दी जाएगी। इसके अलावा आधे घंटे तक ही आतिशबाजी होगी। इस संबंध में पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने होटल, रिसार्ट, बार और क्लब संचालकों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए हैं।

## 8 करोड़ से ज्यादा राशि के काम अटके, किसानों को राहत नहीं

**जांजगीर चांपा।** ऐसे कार्यों पर वित्त विभाग ने नए आदेश मिलने तक ऐसे कामों को फिलहाल रोकने कहा है। इस आदेश के चलते जिले में कई विभागों में करोड़ों के काम पर रोक लग गई है। इसका असर जिले के मंडी बोर्ड के कामों पर भी पड़ा है। जिले की तीन मंडी नैला, अकलतरा और चांपा में करीब 8 करोड़ के काम पर रोक लग गई है। अकेले नैला मंडी में ही 6 करोड़ 5 लाख 69 हजार के 25 काम रूक गए हैं। इसी तरह अकलतरा मंडी में भी किसान कुटीर समेत 17 काम स्वीकृति के बाद भी शुरू नहीं हो पाए हैं। इन पर भी रोक लग गई है। इनमें मंडी के अलावा धान खरीदी केंद्रों में बाउंड्रीवाल, भवन, किसान कुटीर समेत अन्य कार्य शामिल हैं। वित्त विभाग के आदेश के मुताबिक, रोके गए सभी कार्यों की फिर से समीक्षा की जाएगी और आवश्यकता महसूस होने पर भी स्वीकृति दी जाएगी। ऐसे में इन कामों की फिर से स्वीकृति मिल पाएगी या नहीं, कामों में कटौती भी हो सकती है। इसको लेकर अब मंडी बोर्ड के अधिकारी नए आदेश का इंतजार कर रहे हैं। सभी काम किसानों की सुविधाओं से संबंधित हैं।



**छह करोड़ के इन कामों पर फिलहाल रोक**

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति नैला के द्वारा 25 कामों के लिए टेंडर मंगाया गया था। इसके लिए 519 फार्म जमा हुए थे। 12 अक्टूबर को टेंडर खुलना था पर तभी आचार संहिता लग गई। ऐसे में प्रक्रिया रोकनी पड़ी। चुनाव में सरकार ही बदल गई। 25 कामों में महुआ ब, खिसोरा, जांजगीर पेण्ड्री, बुडगहन , भड़ेसर, बोड़सरा, अमोदा, सरखो, जर्वे ब, कुटरा मेहंदा, बनारी, कर्रा, मुनुंद, महंत बक्सरा, नवागढ़, सलखन, नैला, अमोरा, कोसमंदा, भैंसदा, गोद, बलौदा उपमंडी व सिवनी च में बाउंड्रीवाल व गेट निर्माण का कार्य शामिल हैं। इसी तरह नैला मंडी में स्टेज कार्य, कर्मचारी आवास, बाउंड्रीवाल, कव्हर्ड शेड निर्माण, शेण्ड्रीशॉप के प्रथम तल में शेण्ड्रीशॉप, शिवरीनारायण उपमंडी में बाउंड्रीवाल, बलौदा उपमंडी में सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल हैं।

**11 उपार्जन केंद्रों में किसान कुटीर का काम नहीं हो पाया शुरू**

अकलतरा मंडी अंतर्गत 11 उपार्जन केंद्रों में किसान कुटीर निर्माण की स्वीकृति मिली थी। करीब डेढ़ करोड़ के लिए इ कार्य के लिए टेंडर होना था पर इस पर भी फिलहाल रोक लग गई है। इनमें सेवा सहकारी समिति पकरिया झूलन, लगरा, पामगढ़, मेंऊ, मेहंदी, धनगांव, ससहा, जेवरा, लोहर्सी, कोनारगढ़ और भुईगांव में किसान कुटीर का निर्माण शामिल हैं। इसी तरह 6 रि-टेंडर के काम समेत 17 काम है। करीब ढाई करोड़ के काम पर रोक लग गई है। इसी तरह चांपा मंडी अंतर्गत कचंदा सोसायटी में भी किसान कुटीर स्वीकृत है पर काम शुरु नहीं हो पाया। इसलिए यह भी रूक गया है। केवल नैला मंडी अंतर्गत ही समय पर टेंडर हो जाने के किसान कुटीर का काम 19 जगहों पर शुरु हो गया है नहीं तो ये भी अधर में लटक जाते।

कृषि उपज मंडी समिति नैला के सचिव लाला प्रसाद यादव ने बताया कि 25 कामों के लिए टेंडर निकाला गया था पर आचार संहिता लग जाने से टेंडर खुल नहीं पाया। अभी वित्त विभाग की रोक है। नए आदेश का इंतजार कर रहे हैं। कृषि उपज मंडी समिति अकलतरा के सचिव राजेन्द्र धुव्र ने बताया कि करीब 16 से 17 काम शुरु नहीं हो पाए थे। 11 किसान कुटीर भी इसमें शामिल हैं। अभी तो फिलहाल इन पर रोक लगी है। नए आदेश आने के बाद भी स्थिति स्पष्ट होगी। कृषि उपज मंडी समिति चांपा के मोहन लाल यादव ने बताया कि चांपा छोटी मंडी है, यहां ज्यादा काम नहीं थे। कंचदा सोसायटी में किसान कुटीर स्वीकृत था जो शुरु नहीं हो पाया।




### साल भर में बढ़े अपराध पर चोरी, दुष्कर्म और बलवा में आई कमी

**जांजगीर- चांपा ।** साल भर में जिले में विभिन्न् अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई है। हालांकि चोरी , दुष्कर्म, बलवा के मामले इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में कम हुए हैं। जबकि नकबजनी , अपहरण, व्यपहरण , डकैती , हत्या और हत्या के प्रयास के मामले बढ़े हैं। छेड़छाड़ के मामले में भी कमी आई है। पिछले वर्ष जिले में साल भर में 3 हजार 145 मामले विभिन्न् थानों में दर्ज हुए थे। वहीं इस साल इसकी संख्या बढ़कर 3 हजार 313 हो गई है। इस तरह पिछले साल से 168 अपराध इस साल अधिक हुए हैं।

जिले में बड़े अपराध चोरी, दुष्कर्म और बलवा के मामले वर्ष 2022 की तुलना में कम हुए हैं जबकि नकबजनी , अपहरण, व्यपहरण , डकैती और हत्या के प्रयास के मामले बढ़े हैं। हालांकि पिछले वर्ष 2022 में हत्या के 27 मामले दर्ज हुए थे। इस साल इसकी संख्या में मात्र 1 प्रकरण की वृद्धि हुई है। भारतीय दंड संहिता की विभिन्न् धाराओं के तहत दर्ज मामले में इस साल 168 अपराधों की वृद्धि हुई है। वर्ष 2022 में जनवरी से दिसंबर तक 3 हजार 145 अपराध दर्ज हुए थे। जबकि वर्ष 2023 में साल भर में 3 हजार 313 अपराध दर्ज हुए । इस तरह इस साल 168 मामले बढ़ गए। धोखाधड़ी , महिला प्रताड़ना, महिलाओं की लज्जा के अनादर संबंधित अपराध बढ़ गए। दुष्कर्म के मामले में कमी आई है। पिछले साल दुष्कर्म के 120 अपराध दर्ज हुए थे। इस साल 86 अपराध दर्ज हुए हैं। इस तरह 34 मामले कम हुए हैं। व्यपहरण व अपरहण के मामले में मामूली वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष 171 मामले दर्ज हुए थे इस साल इस तरह के 176 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इसी तरह डकैती पिछले साल 2 जगह हुई थी। इस साल 3 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

**अनमोल वचन**

**कागज अपनी किस्मत से उड़ता है लेकिन पतंग अपनी काबिलियत से..!**

# डीपफेक पर लगाम जरूरी

भारत में भी डीपफेक का इस्तेमाल कर ऐसे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, जो सेलिब्रिटी हैं या फिर राजनीति से ताल्लुक रखते हैं। निर्विवाद रूप से यह नई तकनीक का दुरुपयोग है। यह एक तरह की आपराधिक गतिविधि भी है, जिस पर रोक लगाना अनिवार्य है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स को इसे रोकने की जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी।भारत सरकार के बारे में यह आम धारणा ठोस रूप ले चुकी है कि वह हर माध्यम और संस्था पर अपना शिकंजा कसना चाहती है। एक दूसरी धारणा यह है कि उसकी ऐसी हर कार्रवाई दलगत नजरिए से एकतरफा होती है। यही कारण है कि डीपफेक के बारे में सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स के लिए उसकी जारी ताजा एडवाइजरी ने कई हलकों में गहरी आशंकाओं को जन्म दिया है। वरना, डीपफेक तकनीक को लेकर चिंताएं सारी दुनिया में हैं। लगभग सभी देशों में आर्टिफिशिलय इंटेलीजेंस (एआई) तकनीक को विनियमित करने पर विचार हो रहा है। ऐसे में भारत सरकार भी ऐसे कदम उठाए, यह लाजिमी है। लेकिन उसके ऐसे कदम से समाज के एक हिस्से अंदेशे गहरा जाते हैं, तो उसका कारण सिर्फ सरकार का अपना रिकॉर्ड है। बहरहाल, केंद्र ने डीपफेक समस्या को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। उसने सभी सोशल मीडिया कंपनियों को सूचना प्रौद्योगिकी नियमों का पालन करने की सलाह दी है। इससे पहले इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एक एड़वाइजरी जारी कर चुका है। ताजा एडवाइजरी में मंत्रालय ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स को आईटी नियमों के तहत प्रतिबंधित कंटेंट को प्रकाशित ना करने के बारे में जागरूक करना चाहिए। यूजर्स को फर्जी वीडियो, मैसेज या कंटेंट डालने से रोकने का काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का है। मकसद यह है कि ऐसी गतिविधि से अन्य यूजर्स को नुकसान ना हो। यह बताना भी इन्हीं प्लैटफॉर्म्स का दायित्व है कि आईटी कानून के नियम का पालन नहीं करने पर यूजर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बीते नवंबर में भी केंद्र ने एक आदेश जारी कर डीपफेक वीडियो की पहचान करने और उन्हें हटाने के लिए कहा था। यह सच है कि दुनिया के कई दूसरे देशों की ही तरह भारत में भी डीपफेक का इस्तेमाल कर ऐसे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, जो सेलिब्रिटी हैं या फिर राजनीति से ताल्लुक रखते हैं। निर्विवाद रूप से यह नई तकनीक का दुरुपयोग है। यह एक तरह की आपराधिक गतिविधि भी है, जिस पर रोक लगाना अनिवार्य है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स को इसे रोकने की जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी।

## राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अच्छा मुनाफा मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप डिनर पर जा सकते हैं। छात्र आज शिक्षा में आ रही समस्याओं के लिए अपने गुरुजन से बातचीत करेंगे।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज परिवार में चल रही अनबन से आपको छुटकारा मिल जायेगा। आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे और उनको कुछ आवश्यकता की चीजें भी गिफ्ट करेंगे।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको किसी नए काम में हाथ आजमाने का मौका मिलेगा। परिवार के लोग आज आपसे कुछ खास चीजों की डिमांड कर सकते हैं।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस करना होगा। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में चल रही समस्या आज समाप्त होगी। आज आप किसी मित्र से मिलने उनके घर जायेंगे। साथ में कहीं घूमने भी जायेंगे।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप माता को उनकी पसंद की कोई चीज गिफ्ट करेंगे। आपको किसी संपत्ति की खरीदारी करते समय उसके जरूरी कागजातो पर ध्यान अवश्य देना चाहिए।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने बिजनेस की गति बढ़ाने के लिए कुछ नया प्लान बनायेंगे। माता-पिता से आप मन में चल रही कुछ बातों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार लेंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आपका कोई जरूरी काम समय से पूरा हो जायेगा, आप रिलैक्स महसूस करेंगे। किसी नये प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को आज किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। किसी कानूनी मामले में भी आज आपको जीत मिलने के योग बन रहे है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर फोकस बनाए रखना होगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। संतान की नौकरी से संबंधित कागजात तैयार करने के लिए भागदौड़ में लगे रहेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको गिले-शिकवे दूर करने का मौका मिलेगा।

मकर राशि-आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहने वाली है। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करोगे और वह आपकी बातों को अहमियत देगा।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नये-नये मार्ग खोलेगा। छात्रों को जल्द ही सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, कहीं घूमने जायेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन बेहतरीन रहने वाला है।

मीन राशि-आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप व्यापार के मामले में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। यदि आपने पहले किसी को पैसा उधार दिए थे, तो आज वो वापस मिलेगा। आज आपको किसी से बात करते समय मीठी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। आज आप अपने बढ़ते खर्च को नियंत्रण करने का प्लान बनायेंगे। दाम्पत्य जीवन में नयी-नयी खुशियाँ आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

# उत्तर-दक्षिण का कोई विभाजन नहीं है

– अजीत द्विवेदी –

**उत्तर भारत की हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा की और तेलंगाना में कांग्रेस की जीत के बाद उत्तर-दक्षिण के विभाजन का एक विमर्श खड़ा किया गया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस अब दक्षिण भारत की पार्टी रह गई है, जबकि भाजपा उत्तर भारत की पार्टी है। यह भी कहा जा रहा है कि उत्तर और दक्षिण भारत दो टापू हो गए हैं, जिनके बीच की दूरी बढ़ती जा रही है। यह एक राजनीतिक विमर्श है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए सामाजिक और आर्थिक पहलुओं का भी संदर्भ दिया जा रहा है। भाषायी विभाजन का वितंडा खड़ा हो रहा है तो सनातन और सनातन विरोध का विमर्श आगे बढ़ाया जा रहा है। यह सही है कि भाषा, संस्कृति, खान-पान और दूसरी कई चीजों में देश के दोनों हिस्सों में बहुत भिन्नता है। लेकिन यह भिन्नता तो सदियों से है और आधुनिक तकनीक व विकास ने तो इस भेद को काफी हद तक कम कर दिया है फिर इस तरह के विमर्श का क्या मतलब है?**

सबसे पहले राजनीतिक विभाजन की बात करनी चाहिए क्योंकि जैसे ही यह साबित होगा कि उत्तर और दक्षिण का कोई राजनीतिक विभाजन नहीं है और दक्षिण भारत की राजनीति में कांग्रेस और भाजपा दोनों की स्थिति लगभग समान है तो अपने आप सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक विभाजन का विमर्श कमजोर पड़ेगा। कांग्रेस को दक्षिण भारत की पार्टी बताने वाले लोग यह भूल जा रहे हैं कि कांग्रेस कई दशकों से लगातार दक्षिण में कमजोर होती जा रही है और भाजपा धीरे धीरे मजबूत हो रही है। दक्षिण भारत की राजनीति में दोनों की स्थिति में कोई खास फर्क नहीं है। आंकड़ों से भी इस बात की पुष्टि हो सकती है। दक्षिण भारत के पांच राज्यों- तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लोकसभा की कुल 129 सीटें हैं। इनमें से कांग्रेस के पास 27 सीटें हैं तो भाजपा के पास 30 सीटें हैं। सोचें, कांग्रेस से तीन सीटें ज्यादा हैं, भाजपा के पास।

कह सकते हैं कि भाजपा की 30 सीटें सिर्फ दो राज्यों- कर्नाटक और तेलंगाना में हैं, जबकि कांग्रेस की 27 सीटें चार राज्यों- तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना में हैं। बहस के लिए ऐसा कहा जा सकता है लेकिन इससे वास्तविक तस्वीर साफ नहीं होती है। उसके लिए कुछ और आंकड़ों को बारीकी से देखना होगा। ध्यान रहे भाजपा अभी तक दक्षिण में सिर्फ कर्नाटक की पार्टी मानी जाती थी। बाकी राज्यों में उसका आधार बहुत सीमित था। लेकिन धीरे धीरे तस्वीर बदल रही है। कर्नाटक में चुनाव हार कर सत्ता से बाहर होने के बाद भी भाजपा को 36 फीसदी वोट मिला है। इसी तरह तेलंगाना में 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ 6.9 फीसदी वोट मिले थे, जो 2023 के चुनाव में बढ़ कर 12.88 फीसदी हो गया है यानी भाजपा का वोट लगभग दोगुना हुआ है। भाजपा के लिए सबसे मुश्किल माने जाने वाले प्रदेश केरल में 2016 में भाजपा को 10.6 फीसदी वोट मिले थे, जो 2021 में बढ़ कर 11.3 हो गया।

सबसे दिलचस्प आंकड़ा तमिलनाडु विधानसभा चुनाव का है, जहां 2021 में कांग्रेस और डीएमके साथ लड़े थे तो भाजपा और अन्ना डीएमके साथ मिल कर लड़े थे। चूंकि अन्ना डीएमके के खिलाफ 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी थी तो वह हार रही थी, जिसका नुकसान भाजपा को भी हुआ। भाजपा गठबंधन में 20 सीटों पर लड़ी थी और उसे 2.62 फीसदी वोट मिले थे। दूसरी ओर जीतने वाले पक्ष के यानी डीएमके के साथ कांग्रेस 25 सीटों पर लड़ी थी फिर भी उसे सिर्फ 4.27 फीसदी वोट मिले। ऐसे ही आंध्र प्रदेश में कांग्रेस 174 सीट पर लड़ी थी और उसे सिर्फ 1.17 फीसदी वोट मिले थे, जबकि भाजपा 173 सीटों पर लड़ी थी और उसे 0.84 फीसदी वोट मिले थे। वहां भी दोनों के वोट में ज्यादा अंतर नहीं था। इन आंकड़ों के हिसाब से देखें तो दक्षिण भारत में कांग्रेस और भाजपा लगभग बराबर की हैसियत वाली पार्टियां हैं। लोकसभा चुनाव में भी दोनों के वोट शेयर में ज्यादा फर्क नहीं है।

इसके बावजूद उत्तर और दक्षिण के विभाजन का विमर्श खड़ा करने का आधार यह है कि दो राज्यों में कांग्रेस की सरकार बन गई है। लेकिन यह वैचारिक विमर्श का मजबूत आधार नहीं है क्योंकि इन दो में से एक राज्य में थोड़े दिन पहले तक भाजपा की सरकार थी। अगले चुनाव में एक बार फिर स्थिति बदल सकती है। भाजपा को एक झटका तमिलनाडु में इस बात से लगा कि उसकी सहयोगी अन्ना डीएमके ने उससे तालमेल खत्म कर लिया। लेकिन उसके तुरंत बाद कर्नाटक में भाजपा को जेडीएस के रुप में एक नई सहयोगी पार्टी मिल गई। आंध्र प्रदेश में भाजपा को तय करना है कि वह क्या करे। पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ उसका तालमेल हो गया है और चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी के साथ भी तालमेल का फैसला उसने खुद रोका है। इसका मतलब है कि दक्षिण भारत की पार्टियों में भाजपा अछूत नहीं है।

सो, चाहे वोट प्रतिशत की बात हो, राजनीतिक एजेंडे की बात हो या सहयोगी पार्टियों की बात हो, हर पैमाने पर दक्षिण भारत में भाजपा उतनी ही मजबूती से खड़ी है, जितनी मजबूती से कांग्रेस खड़ी है। भाजपा अब वास्तविक अर्थों में पूरे देश की पार्टी हो गई है। पूर्वोत्तर के मिजोरम जैसे राज्य में उसे दो सीटें मिली हैं, जहां कांग्रेस एक सीट पर सिमट गई। दो बड़े पूर्वी राज्यों- पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी है, जबकि कांग्रेस दो-चार सीटों पर सिमट गई है।

जिस तरह से यह नैरेटिव गलत है कि भाजपा दक्षिण भारत की पार्टी नहीं है वैसे ही यह भी गलत है कि उत्तर भारत से कांग्रेस का बोरिया बिस्तर बंध गया है। उत्तर में कांग्रेस अब भी बड़ी ताकत है। जिन तीन राज्यों में इस साल के चुनाव में वह हारी है वहां भी उसे 40 फीसदी या उससे ज्यादा वोट मिला है और वह मजबूत विपक्षी पार्टी बनी है। हिमाचल प्रदेश में उसकी सरकार है तो हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में वह मुख्य विपक्षी पार्टी है। बिहार और झारखंड में अपनी सहयोगी पार्टियों के साथ वह सरकार में है। उसका सूपड़ा साफ सिर्फ दो राज्यों में हुआ है और वो राज्य हैं उत्तर प्रदेश और दिल्ली। सो, कांग्रेस अब भी उत्तर भारत में अपना आधार बचाए हुए है तो भाजपा दक्षिण भारत में अपना विस्तार करते हुए है। इसलिए उत्तर-दक्षिण के राजनीतिक विभाजन का कोई आधार नहीं है। हां, अगर परिसीमन के दौरान आबादी के आधार पर लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाने की कोई पहल होती है तो उस समय विभाजन बढ़ेगा और टकराव हो सकता है। इसलिए सोच समझ कर यह काम करना होगा।

जहां तक भाषायी और सांस्कृतिक विभाजन का मामला है तो वह बेहद संवेदनशील है, जिसे सावधानी से हैंडल करना होगा। भाजपा की केंद्र सरकार हिंदी को प्राथमिकता दे रही है और दिल्ली में सारे कामकाज हिंदी में हो रहे हैं। संसद में मंत्री हिंदी में जवाब दे रहे हैं। इसमें संतुलन बनाने की जरूरत है। हालांकि यह अच्छी बात है कि दक्षिण के राज्यों में, जहां भाजपा की सरकार थी या सहयोगियों के साथ वह सरकार में रही वहां हिंदी थोपने का काम नहीं हुआ। दिल्ली से भी दक्षिणी राज्यों पर हिंदी थोपने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। तकनीक ने भी भाषायी विभाजन को काफी कम किया है और पर्यटन व तीर्थाटन से भी यह दूरी मिट रही है। अगर इस भिन्नता को अलगाव मानने की बजाय विविधता के रूप में देखें और इस विविधता का उत्सव मनाएं तो उससे भी सामाजिक एकता सुनिश्चित होगी।

# सिलकियारा टनल फिर से

– अजय दीक्षित –

**लोगों की स्मृति में अभी ताजा है कि उत्तराखंड के सिलकियारा टनल में दिवाली की प्रातः 12 नवम्बर को चालीस से ज्यादा मजदूर फंस गये थे। इन 41 मजदूरों को काफी मशक्कत के बाद सफलता पूर्वक निकाला जा सकता था । सभी टी.वी. चैनल और कोई खबर न दिखाकर के इस टनल में फंसे मजदूरों का रेस्क्यू ऑपरेशन ही दिखा रहे थे। यह प्रौजेक्ट नेशनल हाईवे अथॉरिटी की तरह से बनाया जा रहा था ताकि बद्रीनाथ जाने वाले यात्रियों को 27 किलोमीटर का सफर कम चलना पड़े । इसी से इस मंत्रालय के केन्द्रीय राज्यमंत्री वी.के. सिंह बराबर वहां डटे रहे। बीच-बीच में गडकरी और अन्य उच्च अधिकारी और मंत्री आते रहे । कहते हैं कि प्रधानमंत्री फोन पर इस रेस्क्यू ऑपरेशन की पल-पल की खबर लेते रहे।**

माननीय प्रधानमंत्री ने बाद में इन मजदूरों से बात भी की । निश्चय ही देश के प्रधान पुरुष का यह कृत्य सराहनीय है कि वे मजदूरों की सुध भी लेते हैं।जब अमरीकी सलाहकार के प्रयास और अन्य टेक्निकल लोगों के सुझाव व कृत्य फेल हो गये थे रैट माइनर्स गरीब तबके से थे । नितान्त विपन्नता और गरीबी में जी रहे थे । कुछ टी.वी. चैनलों ने इनके रिहायशी मकान भी दिखलाये । परन्तु न तो सरकार ने और न ही मीडिया ने कहा कि रैट माइनिंग को नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल ने प्रतिबंधित कर रखा है। कुछ कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट से इन प्रतिबंध पर रोक लगी हुई है। जो भी हो रैट माइनर्स बहुत खराब स्वास्थ्य के कारण संकट में रहते हैं और प्रायः इनकी सेवा का उपयोग वे धनपति करते हैं जो गैरकानूनी तरीके से हीरे या अन्य बहुमूल्य खनिजों को इनसे खुदवाते हैं । यह भी नहीं मालूम कि इन रैट माइनर्स का बाद में स्वास्थ्य परीक्षण भी हुआ या नहीं । और एक बात और !! जो सत्ताधारियों के प्रवक्ता बाद-बाद में इस अल्पसंख्यक सम्प्रदाय के लोगों से पाकिस्तान जाने को कहते हैं कि इसी सम्प्रदाय के लोग देशद्रोह में लगे रहते हैं उन्हें मालूम होना चाहिए कि ये सभी रैट माइनर्स उसी सम्प्रदाय के धर्मावलम्बी थे ।

इन रैट माइनर्स ने बाद में जो इन्टरव्यू टी.वी. चैनलों को दिये वे इनकी देशभक्ति को बखूबी बयान करते हैं। और एक बात । कहीं भी यह ज्ञात नहीं हुआ कि यह हादसा किस कम्पनी की लापरवाही से हुआ जो इस टनल को बनाने का ठेका लिये हुए थे । ऐसा कहा जाता है कि जिस कम्पनी के पास इनको बनाने का ठेका है, उसने इसका कार्य अनेक छोटी-छोटी दूसरी कम्पनियों को कम पैसे में सौंप दिया है जिनको इस प्रकार की टनलिंग का कोई अनुभव नहीं है । प्रश्न यह भी है लापरवाही की जिम्मेदारी तय हो । पहले लोग जब तीर्थयात्रा पर निकलते थे तो अपना श्राद्ध करके जाते थे कि शायद अब लौट कर न आयें ! यह टनल उन कार वालों की सुविधा के लिए बनाई जा रही है जो वीक एण्ड में तीर्थयात्रा के नाम पर पर्यटन कर सकें । यूं भी अयोध्या, काशी, मथुरा में आज जो विकास का कार्य हो रहा है उसे धार्मिक पर्यटन का नाम दिया जा रहा है । भगवान या अपने ईष्ट का स्मरण करने के लिए फाइव स्टार होटल नहीं चाहिए। उत्तराखंड और अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में जो हाईड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट या सड़कों का चौड़ीकरण या मार्ग सुगम करने के लिए टनल बनाये जा रहे हैं । चारधाम यात्रा के अन्तर्गत सिलकियारा की प्रोजेक्ट तो एक उदाहरण है । ऐसी बहुत सी प्रोजेक्ट चल रही हैं ।

चारधाम यात्रा की हाई पावर कमेटी ने तय किया है कि बद्रीनाथ में पांच हजार लोग प्रतिदिन (दो हजार कारें) केदारनाथ में प्रतिदिन सात हजार (2800 गाड़ियां) यमनोत्री में साढ़े चार हजार लोग प्रतिदिन (1800 गाड़ियां) का लक्ष्य तय किया है। इस हाई पावर कमेटी में कोई भी जियोलोजिस्ट या टेक्निकल एक्सपर्ट नहीं हैं और मात्र नौकरशाही लोग हैं। वे 10 मीटर चौड़ी सड़क बनाना चाहते हैं ताकि दस हजार गाड़ियां रोज आ सकें । बहुत दिनों से गंगा पर हाईड्रो प्रोजेक्ट का मामला सुप्रीमकोर्ट में लम्बित है । 2013 में केदारनाथ का हादसा शायद अब सत्ताधारी भूल चुके हैं। हम गुलाम मानसिकता से मुक्त होना चाहते हैं पर हमारा लक्ष्य तो भारत को पाश्चात्य सभ्यता जैसा भोगवादी संस्कृति देना है । पक्ष और विपक्ष जो बात-बात पर गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते हैं, उन्हें चाहिए वे गांधी को पढ़ लें कि गांधी आजादी के बाद किस तरह का भारत चाहते थे ?

# नीतीश बचेंगे या खत्म होंगे ?

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने अस्तित्व का संकट है। वे राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिल कर सरकार चला रहे हैं लेकिन राजद की ओर से उनको कमजोर करने की कोशिश हो रही है। वे भाजपा के साथ जाना चाहते हैं लेकिन भाजपा को भी पूरी तरह से सरेंडर चाहिए। जानकार सूत्रों का कहना है कि राजद और भाजपा दोनों बिहार की राजनीति से नीतीश फैक्टर को खत्म करना चाहते हैं। असल में बिहार की राजनीति में पिछले करीब तीन दशक से नीतीश कुमार एक धुरी बने हुए हैं और वह भी बिना किसी मजबूत जातीय आधार के। उन्होंने 1994 में समता पार्टी बनाई थी और तब से वे बिहार के राजनीति के सबसे अहम किरदार हैं।

लेकिन अब दोनों बड़ी पार्टियां- राजद और भाजपा उनको खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी ओर से ऐलान किया है कि 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के चेहरे पर लड़ा जाएगा। लेकिन बताया जा रहा है कि लालू प्रसाद चाहते हैं कि नीतीश अभी तुरंत तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाएं। यह भी कहा जा रहा है कि पिछले साल अगस्त में जब नीतीश ने भाजपा को छोड़ा था तब लालू प्रसाद के साथ उनका समझौता हुआ था कि वे एक साल में तेजस्वी को गद्दी सौंप देंगे। सो, लालू की ओर से नीतीश पर भारी दबाव है। लालू परिवार के कई सदस्य राज्य की सत्ता का केंद्र बने हैं, इससे भी नीतीश को समस्या है। इसके अलावा लालू की पार्टी के विधायक और मंत्री जैसे सुनील सिंह, चंद्रशेखर, सुधाकर सिंह आदि लगातार नीतीश के खिलाफ बयान दे रहे हैं। लालू प्रसाद को लग रहा है कि अगर तेजस्वी अभी सीएम नहीं बने तो बेटे को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर देखने की उनकी हसरत पूरी नहीं होगी और अगर नीतीश फैक्टर बने रहे तो मंडल, समाजवादी और पिछड़ों की राजनीति पूरी तरह से राजद के हाथ में नहीं आएगी। दूसरी ओर भाजपा ने नीतीश फैक्टर को खत्म करने की कोशिश 2020 के विधानसभा चुनाव में भी की थी। तब वे भाजपा के साथ ही मिल कर चुनाव लड़ रहे थे लेकिन भाजपा की शह पर चिराग पासवान ने नीतीश की पार्टी के हर उम्मीदवार के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतार दिया था। सोचें, तब नीतीश राजद-कांग्रेस गठबंधन के खिलाफ तो लड़ ही रहे थे लोक जनशक्ति पार्टी के भी खिलाफ लड़ रहे थे, जिसके पीछे भाजपा की ताकत थी। भाजपा के अनेक बड़े नेता लोक जनशक्ति पार्टी की टिकट से चुनाव लड़े थे। फिर भी नीतीश 43 सीट जीत कर आए। लेकिन वे काफी कमजोर हुए और राजद व भाजपा के बाद तीसरे नंबर की पार्टी रह गए। तभी से वे भाजपा से बदला लेना चाहते हैं तो राजद को भी गद्दी नहीं देना चाहते हैं। इस बात को राजद और भाजपा दोनों ने समझा हुआ है। इसलिए कोई मौका नहीं देना चाहता है। भाजपा चाहती है कि वे मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ें, भाजपा का सीएम बनाएं तभी समझौता होगा। नीतीश सीएम रहते हुए तालमेल चाहते हैं और साथ ही लोकसभा के साथ ही विधानसभा का चुनाव कराना चाहते हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



अयोध्या में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।




नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों के 200 साल पूरे होने की स्मृति में डाक टिकट जारी करने के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ।




रांची में जोन्हा झरने के पास गंगा घाट पर सरना धर्म कोड की मांग को लेकर भारत बंद के दौरान सरना आदिवासियों ने रेलवे ट्रैक को ब्लॉक कर दिया।




नई दिल्ली में वायु प्रदूषण में वृद्धि को लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता ऑक्सीजन मास्क पहने हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अयोध्या पहुंचने पर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



पीएम नरेंद्र मोदी अयोध्या में एक रोड शो के दौरान समर्थकों की ओर हाथ हिलाते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या के अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन पर नई अमृत भारत ट्रेनों और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।

# रामनगरी के प्रति समर्पण की गारंटी दे गए पीएम, लोगों ने दिखाया गजब का उत्साह

## दुधमुंहे बच्चों को छाती से लिपटाए प्रधानमंत्री को देखने आईं माताएं

**अयोध्या।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत देश में केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार वाहन बेशक गांव-गांव, शहर-शहर दौड़ रहे हों, लेकिन शनिवार को रामनगरी में रोड शो के दौरान जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अयोध्यावासियों ने एक-दूसरे के लिए स्नेह रस में पगी भाव-भंगिमाओं का प्रदर्शन किया, उससे अयोध्या के प्रति उनके समर्पण की गारंटी स्वतः स्पष्ट थी।पूस की ठंड के अतिरेक का अहसास कराते सर्द मौसम में सूर्य की अनुपस्थिति और आसमान से झड़तीं शीतजनित महीन बूंदों का सितम भी दोनों ओर से हिलोरें मारती उमंग में बाधा नहीं बन सका।

धर्म पथ से लता मंगेशकर चौक होते हुए राम पथ की ओर जैसे-जैसे मोदी का काफिला बढ़ रहा था, सड़क के दोनों तरफ प्रधानमंत्री के अयोध्या अभिनंदन के लिए खड़े नगरवासियों का उल्लास भी वेगवान होता जा रहा था।मोदी की तस्वीर को अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद करने के लिए सड़क किनारे लगीं बल्लियों के पार कमर तक लटके युवा हों या दुधमुंहे बच्चों को छाती से लिपटाए माताएं या फिर रंगारंग प्रस्तुतियां देते कलाकारों की टोलियां। सभी ने अपने-अपने अंदाज में अयोध्या के शृंगार



के सूत्रधार का आभार जताया।दोपहरी में जब पारा ढुलक कर 14 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा हो तो भी आठ किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान काली लैंड क्रूजर के फुट बोर्ड पर खड़े रहकर मोदी ने भी जनता के स्नेहिल अभिवादन का दूने उत्साह से प्रतिदान किया। फुटबोर्ड पर खड़े-खड़े वह कभी सड़क की बायीं पटरी पर खड़े नगरजनों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते तो कभी दाहिनी ओर खड़े लोगों का।इस मानव शृंखला के बीच जहां कहीं भी स्वस्तिवाचन करते साधु-संत के जत्थे उन पर पुष्प वर्षा करते तो वह दाहिने हाथ के नीचे गाड़ी के दरवाजे को दबाकर फुटबोर्ड पर संतुलन बनाए रखते हुए बायें हाथ को छाती पर रख, उन्हें श्रद्धापूर्वक शीश नवाते।प्रधानमंत्री की यात्रा दशरथ नंदन की नगरी को रेल की पटरियों के माध्यम से जनक सुता की जन्मस्थली से जोड़ने का माध्यम बनीं तो त्रेता युग में पुष्पक विमान के आगमन की साक्षी रही अयोध्या का हवाई सेवा से साक्षात्कार कराने का अवसर भी साबित हुई। रोड शो के दौरान सड़क के दोनों ओर बने भवनों की दीवारों पर लगे 'मोदी की गारंटी' के पोस्टर प्रधानमंत्री की इस अयोध्या यात्रा के उद्देश्य को दीवार पर अनलिखी इबारत की तरह बयां कर रहे थे।अयोध्यावासियों के अभिनंदन से अभिभूत मोदी मानो रामनगरी के प्रति अपने समर्पण की गारंटी दे रहे हों। बाद में अपनी जनसभा में उन्होंने विकास रूपी आभूषणों से भव्य, दिव्य और नव्य अयोध्या के शृंगार के अपने संकल्प को दोहरा कर इस गारंटी को और पुख्ता किया।

### यूक्रेन के हमले में रूस में दो बच्चों सहित 20 लोगों की मौत



**मॉस्को।** यूक्रेन में रूसी हमलों में दर्जनों लोगों की मौत के एक दिन बाद बेलगोरोड शहर में यूक्रेन के हमले में कम से कम 20 लोग मारे गए और 111 लोग घायल हो गए। बेलगोरोड यूक्रेन की सीमा से लगभग 30 किलोमीटर (19 मील) दूर है। रूस के अनुसार कीव की सेना द्वारा अंधाधुंध गोलाबारी को बार-बार निशाना बनाया गया है।असत्यापित फुटेज में सड़क पर मलबा बिखरा हुआ और शहर के केंद्र में जली हुई कारों से धुआं निकलता हुआ दिखाई दे रहा है, जबकि सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए डैशकैम फुटेज में एक बड़े विस्फोट की आवाज सुनी जा सकती है। एएफपी विस्फोट के हालातों की की तुरंत पुष्टि नहीं कर सका है।रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि, जानकारी के अनुसार, बेलगोरोड में मरने वालों और घायलों में बच्चे भी शामिल हैं। क्रेमलिन ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है, जबकि रूसी रक्षा मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि हमले के पीछे जो लोग हैं उन्हें बक्शा नहीं जाएगा।

## जंगल का चप्पा-चप्पा छान रहे सुरक्षाबल आतंकियों की तलाश में अभियान किया तेज

### नहीं बचेंगे बलिदानों के गुनहगार




**राजौरी।** डेरा की गली जंगल में 21 दिसंबर से आतंकियों की तलाश में अभियान लगातार जारी है, लेकिन अभी तक जंगल के अंदर छिपे आतंकियों का सुरक्षाबलों को कोई सुराग नहीं मिल पाया है।21 दिसंबर को आतंकियों ने डेरा की गली जंगल में टोपा पीर क्षेत्र के पास सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें सेना के चार जवान बलिदान हो गए थे। इस घटना के बाद से ही डेरा की गली के दस किलोमीटर से अधिक के क्षेत्र वाले जंगल में आतंकियों की तलाश में बड़े पैमाने पर अभियान छेड़ा गया था, जो लगातार जारी है।दिन-रात सेना, पुलिस व सीआरपीएफ के जवान आतंकियों की तलाश में जंगल का चप्पा-चप्पा छान रहे हैं, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिला। सेना व पुलिस के उच्च अधिकारी लगातार इस अभियान पर नजर जमाए हुए हैं। यह जंगल हमेशा से ही आतंकियों का सुरक्षित ठिकाना रहा है। इस जंगल में आतंकियों की तलाश में सेना ने अपने पैरा कमांडों भी लगा रखे हैं, लेकिन इसके बावजूद आतंकियों का कोई सुराग नहीं मिल रहा है।

## नववर्ष के लिए मैक्लोडगंज तैयार, आज से लागू होगा ट्रैफिक प्लान; सभी होटल फुल

**धर्मशाला।** कोरोना काल के बाद इस बार का नववर्ष मैक्लोडगंज के होटल संचालकों के लिए खुशियां लेकर आया है। इस बार सप्ताहांत में नववर्ष आया है। इस कारण पर्यटकों ने शुक्रवार से ही मैक्लोडगंज आना शुरू कर दिया था। 31 दिसंबर और पहली जनवरी के लिए मैक्लोडगंज, नड्डी, भागसूनाग व धर्मकोट के सभी होटल फुल हैं। होटल संचालकों ने अपने-अपने स्तर पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कार्यक्रम रखे हैं।इसमें गाला डिनर, डेजी पार्टी व बोन फायर मुख्य रूप से शामिल हैं। पर्यटन निगम के मैक्लोडगंज स्थित होटल क्लब हाउस में रविवार को भागसू क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पर्यटकों की आमद को देखते हुए जिला और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।शनिवार से कोतवाली बाजार से लेकर मैक्लोडगंज तक अतिरिक्त




पुलिस बल तैनात कर दिया है। पुलिस थाना धर्मशाला, मैक्लोडगंज और ट्रैफिक पुलिस के जवानों के अलावा सकोह बटालियन से करीब 80 जवान तैनात किए हैं। यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने के लिए वनवे ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। रविवार सुबह से ही मैक्लोडगंज में निर्धारित ट्रैफिक प्लान लागू हो जाएगा।व्यापार मंडल कचहरी रविवार को कचहरी चौक में डीजे पार्टी करेगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष लूथरा का कहना है कि 31 दिसंबर की शाम धर्मशाला के समस्त व्यापारियों व नागरिकों के लिए खास रहने वाली है। इसके लिए सायं छह बजे से कचहरी चौक में डीजे पार्टी का आयोजन किया जाएगा। यह पार्टी रात 10 बजे तक चलेगी।यह रहेगा ट्रैफिक प्लान-31 दिसंबर व पहली जनवरी को मैक्लोडगंज में वनडे ट्रैफिक व्यवस्था रहेगी। धर्मशाला से जाने वाले वाहनों को वाया मैक्लोडगंज पुलिस थाना और टेंगल-ठंडी सड़क होकर मुख्य चौक पहुंचाया जाएगा। वापसी में चर्च या खड़ा डंडा मार्ग से वाहन आ सकते हैं।-मैक्लोडगंज क्षेत्र को छह सेक्टर में बांटा जाएगा।

## श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों को समर्पित डाक टिकट जारी, पीएम मोदी भी कर चुके हैं जाफना का दौरा

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों के 200 वर्ष पूरे होने की स्मृति में शनिवार को एक डाक टिकट जारी किया। भाजपा प्रमुख ने कहा कि यह उनके लिए खुशी की बात है कि हम साल 1823 को याद कर रहे हैं और इसे भारतीय मूल के तमिलों के टिकट के साथ मना रहे हैं, जो 200 साल पहले श्रीलंका गए थे।उन्होंने पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अंग्रेजों ने हमारे तमिल लोगों के श्रीलंका में प्रवास को प्रोत्साहित किया। इससे विस्थापित लोगों को वहां के खेतों में काम करवाकर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने का उनका उद्देश्य पूरा हुआ। विस्थापित भारतीय मूल के



तमिलों ने वर्षों तक संघर्ष किया। उन्हें मानवीय गरिमा, स्वास्थ्य की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लेकिन चीजें स्थिर नहीं रहती हैं। आखिरकार, क्रांति की भावना हमारे तमिल लोगों पर हावी हो गई और उन्होंने बुनियादी मानवाधिकारों की मांग करना शुरू कर दिया। नड्डा ने कहा कि 2017 में नरेंद्र मोदी जाफना का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने।

## ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का निधन



**वाशिंगटन।** ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का शनिवार को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। टॉप के परिवार ने इस बारे में यह जानकारी दी है। टॉम को दो बार ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया है। वह द फुल मोंटी, माइकल क्लेटन और द बेस्ट एक्सोटिक मैरीगोल्ड होटल में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं। परिवार की ओर से साझा किए गए एक बयान में कहा गया है कि विल्किंसन की शनिवार को घर पर मृत्यु हो गई। बयान में अधिक जानकारी साझा नहीं की गयी है।

## कांग्रेस-भाजपा के बीच मंत्रियों के विभाग बंटवारे को लेकर शुरू हुई सियासत, पूर्व सीएम भूपेश बोले- जूनियरों को दिया सीनियर पद



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रिमंडल के मंत्रियों को विभाग मिलने के बाद इसे लेकर सियासत शुरू हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साय मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कहा कि मंत्रियों को विभाग के लिए एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ा।

मंत्रिमंडल में जूनियर को सीनियर का पद दिया गया है और सीनियर को जूनियर का पद दिया गया है। यह गुजरात माडल है। सभी मंत्रियों को बधाई, जिनको जो-जो पद मिला है वह निर्वहन करेंगे। बहुत सारे नेता पहले भी मंत्री रहे हैं, उनके परफार्मेंस को हम जानते हैं, लेकिन जो नए बने हैं, पहली बार विधायक बने हैं और मंत्री बने हैं उनको परफार्मेंस दिखाना होगा।हम सब बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि जो जनता से वादे किए गए है उसे जल्द लागू करें। जिन्हें बड़ी-बड़ी जिम्मेदारी मिली है उन्हें अपनी परफार्मेंस दिखाने का अवसर है।पूर्व सीएम बघेल ने नागपुर में आयोजित महारैली को सफल बताया और कहा कांग्रेस लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। कांग्रेस संविधान और देश बचाने के लिए संकल्पित है। हसदेव अरण्य में वनों की कटाई पर बघेल ने कहा कि चुनाव के पहले और चुनावी दौर में हमने कहा आप वोट भाजपा को देंगे और अदाणी को फायदा होगा। इसका असर दिखाई दे रहा है।राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही ,है क्या आपको आमंत्रण मिल गया ? क्या आप जाएंगे ? इस सवाल पर बघेल ने कहा, कौशल्या मंदिर क्या कभी यह लोग गए थे ? हमने कौशल्या माता मंदिर का जीर्णोद्धार किया। जितने भी आस्था के केंद्र हैं उसमें हम जाते ही रहे हैं। आदिवासियों के आस्था का केंद्र हो, चाहे हिंदुओं, सिखों, जैनियों, मुसलमानों का हो, सभी जगह जहां आमंत्रित होते हैं वहां पर जाते हैं क्यों नहीं जाएंगे।पूर्व मुख्यमंत्री बघेल द्वारा भाजपा के मंत्रिमंडल पर टिप्पणी करने के बाद भाजपा की पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता रंजन साहू ने तीखा हमला किया। उन्होंने सवाल किया है सीनियर-जूनियर की बात करने वाले भूपेश बघेल बताएं कि उन्होंनेटीएस सिंहदेव का अपमान बार-बार क्यों किया? रंजना ने कहा कि अगर सीनियर जूनियर की चिंता भूपेश ने अपने मुख्यमंत्री रहते की होती तो आज उन्हें शायद इतनी बुरी हार का सामना न करना पड़ता।

## वंदे भारत का श्रेय लेने की मची होड़, ट्रेन पर खूब हो रही सियायत; नेताओं के समर्थकों ने खूब लगाए नारे



**जालंधर।** दिल्ली अब दूर नहीं है... न आम लोगों के लिए न नेताओं के लिए। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से गुरु नगरी अमृतसर से दिल्ली के लिए शुरू की गई पंजाब की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत ने इस दूरी को कम किया है।शनिवार को पहले ही दिन स्पष्ट हो गया कि वंदे भारत के बिना नेताओं के लिए 2024 में दिल्ली की दौड़ लगाना आसान नहीं होने वाला है। सियासत के सफर में उन्हें भी वंदे भारत में सवार होना होगा, तभी दिलों और दिल्ली दोनों से दूरी कम होगी। वंदे भारत की यह राजनीति शनिवार को अमृतसर से लेकर लुधियाना तक हर स्टेशन पर देखने को मिली।शनिवार की सुबह के दस बज रहे थे। अमृतसर रेलवे स्टेशन के ऊपर अब भी हल्की धुंध छाई थी। स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार से प्लेटफार्म नंबर एक तक रेड कारपेट बिछा था। प्लेटफार्म पर सफेद और नीले रंग में आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर वंदे भारत चमक रही थी। इस दौरान राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित का काफिला रेलवे स्टेशन पहुंचता है। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं होशियारपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद सोम प्रकाश, अमृतसर से कांग्रेस के सांसद गुरजीत औजला, भाजपा के राज्यसभा सदस्य श्वेत मलिक स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में पहले से मौजूद थे।मंच से कांग्रेस सांसद गुरजीत औजला कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु नगरी की मांग को पूरा कर दिया है। अमृतसर के लिए यह ऐतिहासिक दिन है। वंदे भारत अमृतसर के पर्यटन और कारोबार को बहुत लाभ मिलेगा। करीब साढ़े दस बजे कार्यक्रम में जालंधर लोकसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील रिंकू और आप के विधायक रमन अरोड़ा भी पहुंच जाते हैं।

## ब्रिटेन में बाढ़ से मचा हाहाकार, सुरंग में भरा पानी

**लंदन।** ब्रिटेन में सुरंग में पानी भरने के बाद यूरोस्टार ने लंदन की अपनी सभी ट्रेनों को रद कर दिया है। यूरोस्टार ने कहा कि ब्रिटेन में रेलवे सुरंगों में बाढ़ के कारण शनिवार को लंदन को यूरोप के देशों से जोड़ने वाली सभी ट्रेनों को रद करना पड़ा। इससे हजारों यात्रियों की नए साल की छुट्टियों की यात्रा बाधित हुई। यूरोस्टार बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड और ब्रिटेन को जोड़ने वाली अंतरराष्ट्रीय हाई-स्पीड रेलवे सेवा है।यूरोस्टार ने शुरुआत में 14 ट्रेनों को रद कर दिया था, लेकिन बाद में लंदन की सभी 41 ट्रेनों को रद करने का फैसला लिया। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि टेम्स नदी के नीचे रेलवे सुरंगों में पानी किस कारण से भर गया।

## भूपेश सरकार की महतारी वंदन योजना पर बयानबाजी तेज कांग्रेस ने भाजपा को घेरा, महिलाओं के लिए कह दी यह बात



**रायपुर।** भाजपा के घोषणा पत्र में महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना चलाने की घोषणा पर सरकार गठित होने के बाद काम शुरू नहीं होने से कांग्रेस ने भाजपा को घेरना शुरू कर दिया है। कांग्रेस ने प्रश्न उठाया है कि आखिर महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने की योजना कहां है? इस प्रश्न पर भाजपा ने भी पलटवार कर कांग्रेस को महिला विरोधी बताया है।कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी की गारंटी के नाम से भाजपा ने महिलाओं से फार्म भरवा कर 1000 रुपये महीना देने का वादा किया था। महिलाओं के वोट हासिल कर भाजपा सत्ता में भी आ गई है और अब भाजपा की सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने में पीछे हट रही है।महतारी वंदन योजना के झांसे में आकर प्रदेश की 60 लाख से अधिक महिलाओं ने फार्म में अपने मोबाइल नंबर, बैंक खातों का विवरण और अपनी निजी जानकारियां भी दी थीं। अब महिलाएं 1000 रुपये महीना मिलने का इंतजार कर रही हैं? घर-घर जाकर महिलाओं से फार्म भरवाने वाले भाजपा के नेता और कार्यकर्ता अब मुंह छुपा रहे हैं। किसानों को प्रति क्विंटल धान के 3100 रुपये भी नहीं मिल रहे हैं। महिलाओं को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर भी नहीं मिल रहा है।भाजपा भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कांग्रेस के महतारी वंदन योजना पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिला विरोधी रही है। कांग्रेस महिलाओं को अपना वोट बैंक समझती रही है। भाजपा ने महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित की हैं, जिनका लाभ प्रदेश की महिलाओं को मिला है।उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो घोषणाएं की हैं, वे सभी अवश्य पूरी होंगी, क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। जिसकी पूरी होने की पूरी गारंटी है। प्रदेश में सरकार बनते ही भाजपा ने अपनी संकल्पों को पूरा करना प्रारंभ कर दिया है। प्रदेश की महिलाओं को जल्द ही महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रुपये प्रतिमाह मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

## म्यांमार से भागकर मिजोरम पहुंचे सेना के 151 जवान, सभी को सुरक्षित हिरासत में रखा गया, वापस भेजने की कवायद शुरू

**आइजोल।** म्यांमार में एक सशस्त्र जातीय समूह ने सैन्य शिविरों पर कब्जा कर लिया, जिसके बाद कम से कम 151 सैनिक अपने देश से भागकर मिजारम के लांग्टलाई जिले में आ गए। असम राइफल्स के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उनके शिविरों पर अराकान सेना के लड़ाकों द्वारा कब्जा कर लिया गया, जिसके बाद वह अपने हथियारों के साथ भाग गए और लॉन्टलाई जिले के तुईसेंटलांग में असम राइफल्स के पास पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से भारतीय सीमा



के करीब के इलाकों में म्यांमार सेना और अराकान सेना के लड़ाकों के बीच तीव्र गोलीबारी हो रही थी।अधिकारी ने बताया कि मिजोरम में प्रवेश करने वाले म्यांमार सेना के कुछ जवान इस दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें असम राइफल्स द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। उन्होंने कहा कि म्यांमार सेना के जवान अब म्यांमार सीमा के पास लॉन्टलाई जिले के पर्व में असम राइफल्स की सुरक्षित हिरासत में हैं।उन्होंने बताया कि भारत आए सभी म्यांमार के जवानों को जल्द ही उनके देश वापस भेज दिया जाएगा। इस बारे में विदेश मंत्रालय और म्यांमार की सैन्य सरकार के बीच बातचीत चल रही है।

# नौ वर्ष पुराने मामले में एक व्यक्ति को दूसरी पत्नी से दुष्कर्म के आरोप से किया बरी, लेकिन इस काम के लिए ठहराया दोषी

**पूर्वी दिल्ली।** नौ साल पुराने मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने एक व्यक्ति को दूसरी पत्नी से दुष्कर्म के आरोप से बरी कर दिया, पर उसे पहली पत्नी को धोखा देकर दूसरा विवाह करने का दोषी ठहराया है। कोर्ट ने निर्णय सुनाते हुए कहा कि दूसरी पत्नी को पहले विवाह की पूर्व से जानकारी थी और उसने आरोपों के संबंध में मेडिकल साक्ष्य पेश नहीं किए। ऐसे में उसके द्वारा लगाए आरोप साबित नहीं होते।वहीं, कोर्ट ने कहा कि आरोपित व्यक्ति ने पहली पत्नी के रहते दबाव का हवाला देते हुए दूसरा विवाह कर लिया। इसलिए शिकायत में लगाए गए आरोपों से कोर्ट ने उसे पहली पत्नी को धोखा देकर दूसरा विवाह करने का दोषी ठहराया। इस मामले में सजा पर बहस 24 जनवरी को होगी। गीता कालोनी थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति पर उसकी दूसरी पत्नी ने दुष्कर्म करने, जबरन गर्भपात और मारपीट समेत कई आरोप लगाए थे।उसने सितंबर 2013 में दी गई शिकायत में बताया था कि वर्ष 2011 में चांदनी चौक स्थित एक मंदिर में उसकी मुलाकात आरोपित व्यक्ति से हुई थी। दोनों ही वहां पर सेवादार के रूप में जाते थे।



दोनों के बीच दोस्ती हो गई। उसमें यह आरोप लगाया था कि आरोपित व्यक्ति ने शादी का वादा करके उसके साथ कई बार संबंध बनाए।फरवरी 2012 में जब वह गर्भवती हुई तो आरोपित ने गर्भपात कराने का दबाव बनाया था। वह तैयार नहीं हुई तो आरोपित ने जूस में धोखे से गोली मिलाकर खिला दी, जिससे गर्भपात हो गया था। इसके बाद भी आरोपित शादी करने का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। मई 2013 में उसकी आरोपित से शादी हुई थी।आरोप लगाया था कि जून 2013 में जब वह दोबारा गर्भवती हुई तो आरोपित फिर से गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगा था, जिसके लिए वह तैयार नहीं हुई थी। इसे लेकर आरोपित ने एक दिन झगड़े के दौरान उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसका गर्भपात हो गया था। यह भी आरोप लगाया था कि अगस्त 2013 में बाइक पर जाते वक्त आरोपित ने उसे धक्का दे दिया था। शिकायत में दूसरी पत्नी ने इस बात पर जोर दिया था कि आरोपित की पहली शादी वर्ष 2010 में हुई थी, जिसके बारे में उसे आरोपित से विवाह करने के बाद मालूम हुआ था। इस केस में आरोपित के खिलाफ जुलाई 2014 में कई बार दुष्कर्म करने, जबरन गर्भपात, मारपीट करने समेत कई आरोप तय हुए थे।ट्रायल के दौरान कोर्ट ने पाया कि दूसरी पत्नी ने आरोपित की ओर से वैवाहिक रिश्ते खत्म करने के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के बाद दुष्कर्म समेत अन्य आरोप लगाए। यह भी पाया कि उसे आरोपित की पहली पत्नी के बारे में पहले से मालूम था। मारपीट और गर्भपात के संबंध में कोई मेडिकल रिपोर्ट नहीं लगाई गई है। कोर्ट ने यह भी पाया कि आरोपित ने शिकायतकर्ता स्वर दबाव डाले जाने का हवाला देकर अपनी गलती को छिपाने प्रयास किया।

### किशोरी के साथ दरिंदगी की सारी हदें पार

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही के एक इलाके में किशोरी के साथ दरिंदगी की सारी हदें पार दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि 17 साल एक लड़की का कथित तौर पर पहले अपहरण किया गया, उसके साथ 10 दिनों तक दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने कहा कि लड़की को शनिवार को बचाया गया और 30 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लड़की 18 दिसंबर को सुबह अपने घर से कॉलेज के लिए निकली लेकिन वापस नहीं लौटी। घरवालों ने उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, उसके भाई ने 19 दिसंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# बंद पड़ी दो खदानों को संजीवनी देगा एसईसीएल, रूकेगी पलायन की समस्या



**चिरमिरी।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड चिरमिरी क्षेत्र की खदानों से कोयला उत्पादन 10 लाख टन वार्षिक करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके साथ दो खदानों का विस्तार और काफी समय से बंद पड़ी दो खदानें फिर से शुरू कराई जाएगी। जबकि दो स्थानों पर नए उद्योग लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त की जा रही है। इन प्रयासों से चिरमिरी क्षेत्र में पलायन की समस्या की रोकथाम हो सकेगी।
सरगुजा संभाग के कोयलांचल चिरमिरी के नागरिकों के लिए यह राहत देने वाली खबर है। पिछले के दशक से इस क्षेत्र में कोयला उत्पादन का काम साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है। समय के साथ यहां कोयला उत्पादन की मात्रा में बढ़ोतरी की जा रही है। मुख्य महाप्रबंधक नवनीत श्रीवास्तव ने बताया कि बहुत जल्द हम उत्पादन लक्ष्य 10 लाख टन वार्षिक करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने विजय वेस्ट और रानी अटारी का विस्तार करना प्रस्तावित किया है। इसके साथ ही दो बंद पड़ी खदानों को भी फिर से खोला जाएगा।

कोयला कंपनी की योजना यहां की दो और बंद पड़ी खदानों के स्थान पर नए उद्योग शुरू करने की है। नवनीत श्रीवास्तव बताते हैं कि ऐसा होने पर काफी संख्या में नए रोजगार का सृजन होगा और पलायन की समस्या थमेगी। इसके साथ ही बाजार में रौनक की वापसी होगी।

महेंद्रगढ़ क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक और राज्य सरकार में स्वास्थ्य मामलों के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल इस बात से खुश है कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोयला उत्पादन के मामले में नए काम करने जा रहा है।


इस तरह के प्रश्न से कुल मिलाकर हमारे क्षेत्र को और रहवासियों को लाभ प्राप्त होंगे। याद रहे साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खजाने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश राज्य के कई जिलों में संचालित हो रही है और इनके माध्यम से इन राज्यों के अलावा देश की बहुत बड़ी कोयला आवश्यकता को पूरा किया जा रहा है। खदानों के विस्तार से जहां भूगर्भ में मौजूद खनिज का दोहन होगा वहीं इसके जरिए लोगों को अवसर का लाभ भी दिया जाना सुनिश्चित होगा

# पटवारी अभिलेख और 1950 से पुराने मिशल को नए जिले में मंगाने ज्ञापन सौंपा




मनेंद्रगढ़ । सर्व आदिवासी समाज ने पटवारी अभिलेख व 1950 से पुराने मिशल को नए जिल एमसीबी में मंगाने ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन के माध्यम से बताया कि एमसीबी एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। जिला बने 1 वर्ष से अधिक हो चुका है। पुराने मिशल रिकार्ड के लिए आज भी गरीब आदिवासी वर्ग के लोगों को नकल प्राप्त करने बैकुंठपुर जिला जाना पड़ता है। जहां उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। वहां भी एक दिन में नकल नहीं मिलता है। बार-बार जाने के लिए गरीब आदिवासियों को आर्थिक माहौल झेलना पड़ता है। जनकपुर-भरतपुर से लेकर दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासीजन हैं। जिन्हें अभिलेख लेने के लिए एक दिन पहले आवेदन देकर रसीद कटवानी पड़ती है। दूसरे दिन उन्हें काफी मशक्कत के बाद अभिलेख मिलता है। कभी-कभी तो तीन दिनों तक की प्रक्रिया के दौरान कोरिया जिले में रुकना पड़ता है। कई बार सर्व आदिवासी समाज मांग कर चुका है।
जिस मंसा से नए जिले का गठन किया गया है। उस मंशाअनुरूप आदिवासी गरीब तबको का जनहित संबंधित कार्य नहीं हो पा रहा है। रोजाना दर्जनों की संख्या में ग्रामीण जमीन का दस्तावेज नकल निकालने के लिए एमसीबी जिला मुख्यालय आते हैं तो उन्हें पुनः कोरिया जाना पड़ता है। जहां पहले दिन डेढ़ बजे के पहले आवेदन लगाकर दूसरे दिन नकल निकलने का इंतजार करना पड़ता है। जिससे उनका समय और आर्थिक क्षति होती है। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष शरण सिंह, उपाध्यक्ष रामू सिंह, भागीरथी सिंह, अमोल सिंह मरावी, महेंद्र सिंह, भुवनेश्वर सिंह, संतोष सिंह आदि मौजूद थे।

# किशोरी को भगाकर अनाचार, आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा



**बैकुंठपुर।** अपर सत्र न्यायालय एफटीएससी पॉक्सो मनेंद्रगढ़ ने शनिवार को नाबालिग को भगाकर सूने मकान में अनाचार करने वाले आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।
विशेष लोक अभियोजक जीएस राय के मुताबिक आरोपी धनीराम उर्फ पप्पू(33) पीड़िता के गांव पड़ोस में घूमने गया था। इस दौरान आरोपी और पीड़िता के बीच जान पहचान हुई थी और बातचीत करने लगा था। इसी बीच आरोपी पीड़िता के मोबाइल में फोन लगा कहता था कि तुमसे प्यार करता हूं, शादी करने चाहता हूं, अच्छे से रखूंगा। घटनातिथि 1 जुलाई 2020 को आधी रात भगाकर अपने चाचा के सूने मकान में ले गया था। जहां पीड़िता के साथ अनाचार किया था। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके चाचा के सूने मकान में रख जबरन शारीरिक संबंध बनाता था। पीड़िता के पिता की रिपार्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366, 376(2)(ढ़) व अधिनियम की धारा-4, 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामले में जांच रिपोर्ट अपर सत्र न्यायालय एफटीएससी पॉक्सो मनेंद्रगढ़ सौंपी गई थी। न्यायालय ने मामले की सुनवाई कर आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। धारा 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 20 साल, धारा 366 में 5 साल, धारा 363 में 2 साल सश्रम कारावास की सजा मिली है। साथ ही तीनों धाराओं में 500-500 रुपए अर्थदंड लगाया गया है।



## दल्लीराजहरा साइडिंग में मालगाड़ी पटरी से उतरी

**रायपुर।** आज सुबह 07:25 को रायपुर रेल मंडल के दुर्ग - दल्लीराजहरा सेक्शन के मध्य दल्लीराजहरा के साइडिंग में खाली मालगाड़ी के वगैन पटरी से उतर गए हैं। इस घटना में किसी भी तरह का जानमाल हानि नही हुआ है एवं न ही दुर्ग - दल्लीराजहरा सेक्शन की मुख्य लाइन पर यातायात प्रभावित हुआ है। यह मालगाड़ी खाली वगैन कर दल्लीराजहरा माइंस जा रही थी और प्लेसमैंट के दौरान मालगाड़ी का एक डिब्बा पलट गया और दो डिब्बे पटरी से उतर गये हैं। दुर्ग - दल्लीराजहरा सेक्शन में कोई भी यात्री गाड़ी प्रभावित नही हुई हैं यात्री गाड़ियों का परिचालन हो रहा है।

# मनेद्रगढ़ सहित सरगुजा से 12.21 लाख का चावल भेजा गया अयोध्या



**मनेंद्रगढ़ ।** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा में कुछ दिन शेष बचे हैं। जिसकी विशेष तैयारी चल रही है। वहीं मनेद्रगढ़ में भी रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह है। सरगुजा संभाग सहित मनेद्रगढ़ के राइस मिलर एसोसिएशन ने मिलकर अयोध्या में भंडारा के लिए 12 लाख 21 हजार की लागत की एक गाड़ी सुगंधित चावल संयुक्त रूप से संगठन के साथ अयोध्या भेजा गया है। मिलर्स ने रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर स्वागत किया। राइस मिलर एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष संजीव गोयल, गौतम दुग्गड़ ने कहा कि करीब 500 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो रहा है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को होगा।
खुशियों के इस पल को यादगार बनाने के लिए मनेद्रगढ़ के साथ सरगुजा संभाग से राइस मिलर्स ने भंडारे में प्रसादी के लिए एक गाड़ी चावल भेजा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश से करीब 3000 क्विंटल चावल भेजने का लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ में अयोध्या से आए पुजित अक्षत जिले के बाद गांव में भेजे जा रहे हैं। शहरी ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षत कलश यात्रा निकाल प्राण प्रतिष्ठा कार्य?म में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। श्री राम हमारे आराध्य देव हैं। इसलिए राइस मिलर्स की हार्दिक इच्छा थी कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हमारे तरफ से भंडारा प्रसादी में सहभागिता होनी चाहिए। यह बात आपस में शेयर किए और सब के सहयोग से छत्तीसगढ़ राइस मिलर संगठन से भरी सुगंधित चावल गाड़ी को रवाना किया गया है।

# जिपं सीईओ सोनहत ब्लॉक में पीएम आवासों का जायजा लेने पहुंचे



**बैकुंठपुर।** जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी शनिवार को सोनहत ब्लॉक में पीएम आवास निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचे।
सीईओ हितग्राही सोहनलाल का आवास निर्माण कार्य की प्रगति देखी। इस दौरान बातचीत कर जल्द आवास पूरा करने की बात कही। ग्राम पंचायत कटगोड़ी में बन रहे आवास कार्यों का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत सलगंवाकला में वर्ष 2020-21 में योजना के लाभार्थी बने सोहनलाल के आवास कार्य का जायजा लिया। हितग्राही सोहन ने बताया कि मकान अब सेंट्रिंग स्तर पर आ चुका है। अब तक 1लाख 15 हजार मिला है। साथ ही हितग्राही लल्लू प्रसाद के निर्माणाधीन आवास का जायजा लिया और हितग्राही से बात की। हितग्राही का आवास खिड़की स्तर तक बन चुका है। उन्होंने बताया कि 75 हजार मिले हैं। सीईओ ने जल्द सेंट्रिंग स्तर तक कार्य पूरा करने और ब्लॉक कोर्डिनेटर को जल्द जिओ टैग कर तीसरी किस्त का प्रस्ताव देने निर्देश दिए। साथ ही हितग्राही पन्नालाल, शिवप्रसाद के आवास की प्रगति देखी और जल्द कार्य पूरा करने की बात कही।सीईओ ने मैदानी अमले को निरंतर हितग्राहियों से मिलकर उनकी मदद करने निर्देश दिए। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास अधिकारी, पीओ मनरेगा, मनरेगाए तकनीकी सहायक उपस्थित थे। गौरतलब है कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में प्रधानमंत्री आवास योजना है। जिससे सीइओ ने मैदानी प्रगति का आंकलन करने सोनहत विकासखंड के कई ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया और मैदानी कर्मचारियों के समक्ष हितग्राहियों से बातचीत की।

# कटगोड़ी में संकल्प यात्रा, ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी



सोनहत। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत कटगोड़ी में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई।भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप साहू ने कर्मचारी-अधिकारियों से कहा कि जैसा कांग्रेस में चलता था। वैसा अब नहीं चलना चाहिए। अब जनता की सरकार है। हर पात्र व्यक्तियों को उसका हक और अधिकार मिलना चाहिए। कटगोड़ी की समस्याओं को रखा और जिपं सीईओ से पानी की विकराल समस्या का हल कराने मांग रखी। उन्होंने बताया कि भाजपा के रमन सरकार में नदी से एनिकट बनाकर पानी लाने की योजना बनी थी। जिसे आगे बढ़ा स्थाई रूप से पानी उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने केंद्र सरकार के योजनाओं को बताते हुए लाभ लेने ग्रामीणों को प्रेरित किया। मंडल के अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े, राम प्रताप सिंह मरावी ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी, मनोज साहू, मनोज त्रिपाठी, नवरत्न पांडेय, बचनु साहू, रमेश तिवारी, सुरेश राजवाड़े, सुशीला राजवाड़े, नीरज पटेल, मोतीलाल राजवाड़े, राजेश साहू, राजेश्वर साहू, चंद्र प्रताप राजवाड़े सहित अन्य मौजूद थे

## प्रधानमंत्री आवास योजना ने धनेश्वरी साहू के कच्चे मकान को पक्के मकान में बदल दिया

रायपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए घर बनाने के सपने को साकार कर रही है। महासमुंद जिले के ग्राम गड़बेड़ा की श्रीमती धनेश्वरी साहू का पक्के मकान का सपना पूरा हो गया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि उनका गांव गड़बेड़ा जनपद पंचायत पिथौरा अंतर्गत जिला महासमुंद मुख्यालय से 55 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पहले उन्हें कच्चे और जर्जर मकान में अपने परिवार के साथ रहना पड़ता था। उनका जीवन बहुत ही कठिनाई से भरा रहा प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली और अपना पंजीयन प्राथमिकता से करा लिया।

धनेश्वरी साहू को 2016-17 में आवास स्वीकृति दी गई। तीन किश्त के रूप में उन्हें एक लाख 20 हजार रूपए आवास बनाने के लिए राशि दी गई। प्रथम किस्त की राशि 48000 रुपये एफ्टीओ के माध्यम से अंतरित की गई, जिसके तुरंत बाद उन्होंने आवास निर्माण कार्य प्रारंभ किया। दूसरे किस्त की राशि एफ्टीओ के माध्यम से खाते में अंतरित की गई इस राशि का उपयोग कर आवस निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया। जिसके कुछ दिन के बाद अंतिम किस्त 24000 रूपए एफ्टीओ के माध्यम से खाते में अंतरित कर दी गई। आवास निर्माण के साथ-साथ धनेश्वरी ने राजमिस्त्री का प्रशिक्षण भी लिया है। मनरेगा से 90 दिवस की मजदूरी भुगतान की राशि भी मिली। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर में शौचालय की भी सुविधा है।

## किसान और राइस मिलर्स हमारी अर्थव्यवस्था के दो पहिए :मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय का समारोह में मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने ड्रायफ्रूट की माला, साफा और गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने अभिनंदन समारोह के आयोजन के लिए मिलर्स एसोसिएशन को धन्यवाद देते हुए नववर्ष की अग्रिम बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धान की फसल हमारे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का आधार है। किसान और राइस मिलर्स हमारी अर्थव्यवस्था को दो पहिए हैं। हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती और गतिशीलता के लिए दोनों पहियों की मजबूती और गतिशीलता बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार की है। हम मिल-जुलकर प्रदेश के चावल उद्योग को नयी ऊंचाइयों पर स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम सबके लिए बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ में धान का उत्पादन लगातार बढ़ा है। इससे चावल उद्योग के क्षेत्र में नयी संभावनाओं का जन्म हो रहा है। आज छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा चावल के महत्वपूर्ण निर्यातक राज्य के रूप में स्थापित हो चुकी है। अभी छत्तीसगढ़ में परिवहन के क्षेत्र में बहुत कुछ करना शेष है। अन्य राज्यों से हमारी कनेक्टिविटी बढ़े, रेल नेटवर्क और मजबूत हो, साथ ही एयर कनेक्टिविटी भी मजबूत होनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी अध्यक्षता में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 23 वीं बैठक में छत्तीसगढ़ में कार्गो हब बनाने की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके निर्माण से प्रदेश में व्यापार-व्यवसाय फलेगा-फूलेगा। कल ही राज्य के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हुआ है। परिवहन विभाग की जिम्मेदारी मेरे पास है। परिवहन के विकास के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में हम नये आयाम स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ सरकार की कृषि हितैषी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप इस साल राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी हो रही है। प्रति एकड़ धान खरीदी की यह मात्रा बीते खरीफ की तुलना में लगभग 6 क्विंटल ज्यादा है। धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 130 लाख मेट्रिक टन है, लेकिन इससे कहीं ज्यादा खरीदी होने की उम्मीद है। उन्होंने मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मिलर्स और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है कि कस्टम मिलिंग का काम बहुत तेजी से किया जाए, ताकि छत्तीसगढ़ के कोटे का चावल सेंट्रल पूल में तेजी से जमा कराया जा सके। मुख्यमंत्री साय ने राज्य के सभी मिलर्स से पूरी क्षमता से और तेजी से मिलिंग करने की अपील की। स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की भूमि और भगवानराम का ननिहाल है। छत्तीसगढ़ से भांचा राम के लिए सुगंधित चांवल भेजा जा रहा है। अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राईस मील बड़ा व्यवसाय है। कृषि की प्रगति में भी राईस मिलर्स का बड़ा सहयोग है। सांसद श्री सुनील सोनी एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह में सांसद सुनील सोनी, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, विधायक संपत अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## बोनस राशि मिलने से जनक राम के चेहरे पे आई मुस्कान, परिवार में छाई खुशहाली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का प्रदेश के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। धान के बकाया बोनस राशि मिलने के बाद किसान परिवार बेहद खुश है इसके साथ ही उन्हें आर्थिक मजबूती भी मिली है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन दिवस पर किसानों को धान खरीदी का बकाया बोनस राशि प्रदान किया, जिससे प्रदेश के किसान सहित उनके परिजनों में भी खुशी की लहर है। सरकार द्वारा बकाया बोनस राशि वितरण की महत्वपूर्ण पहल किसानों की खेती संबंधी एवं परिवार की घरेलू जरूरतों को पूरा करने सहित बच्चों की पढ़ाई के लिए भी बहुपयोगी साबित हो रहा है। कोरबा विकासखंड के ग्राम बरपाली निवासी किसान श्री जनक राम राठिया ने बोनस राशि मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें बोनस राशि के रूप में एक लाख 38 हजार 840 रुपए प्राप्त हुए है। राठिया का कहना है कि किसानों की चिंता करने वाली छत्तीसगढ़ सरकार की इस सार्थक पहल के जरिए किसानों को बड़ी सौगात मिली है। जिससे प्रदेश के लाखों किसान परिवार खुशियां मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे अपनी 36 एकड़ की पैतृक जमीन पर कड़ी मेहनत और उन्नत तकनीक अपनाकर फसलों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं, जिससे उनका परिवार आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी फसल की पैदावार अच्छी हुई है। लगभग 400 क्विंटल धान का विक्रय करेंगे। जनक राम ने कहा कि प्राप्त बोनस राशि का उपयोग वे अपनी घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति एवं अपने परिजनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए करेंगे। श्री जनक राम राठिया ने सरकार के इस सराहनीय व किसान हितैषी निर्णय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए केंद्र एवं छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद दिया है।

## महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष का दौरा

**कोरबा।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रभारी ज्योति पाण्डेय व जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी के द्वारा हरदीबाजार नगर मंडल का दौरा करते हुए बुथों में जाकर कमलसखी का गठन किया जा रहा है। बुथों में महिलाओं को एकजुट कर समिति बनाई जा रही है। यहां पर मण्डल अध्यक्ष उषा विश्वकर्मा के साथ कई बुथों में बैठक ली गई। इसके पहले वैशाली रत्नपारखी के द्वारा करतला मण्डल में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई।

## रिटायर्ड कर्मचारियों का सम्मान

**कोरबा।** कल एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट के 12 कर्मचारी व एक अधिकारी रिटायर्ड होने पर उनका सम्मान किया गया। इन कर्मचारियों को उनके घरों तक जाकर छोड़ते हुए भावभिनी विहाई की गई। इस दौरान यूनियन प्रतिनिधि छंदराम राठौर, जुराखन चंद्रा, हरनारायण केशरवानी, कृपाल सिंह, शेखचांद मंसूरी, संतोष मिश्रा ने स्वर में कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों को अब दूसरी पाली में काफी गंभीरता के साथ आगे बढ़ना होगा। अब उनकी परिवार के प्रति जवाबदारी बढ़ गई है।

# न्यू ईयर से पहले नियमों से खिलवाड़ पुलिस ने की दुपहिया चालकों पर कार्रवाई

### 80 चालक फंसे, 15 हजार की पेनाल्टी

**कोरबा।** वर्ष 2024 के आगमन से पहले कई प्रकार की हरकतें सड़क पर हो रही है। जिला पुलिस ने इससे पहले ही आवश्यक निर्देश जारी करने के साथ खासतौर पर दोपहिया चालकों को नसीहत देते हुए सुधरने को कहा था। एक दिन पहले सड़कों पर तमाशा करने पर ऐसे 80 चालक पुलिस के चंगुल में फंस गए। उन पर 15 हजार रुपए की पेनाल्टी की गई।

कोरबा के कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस ने बीती रात अभियान चलाया और यातायात नियमों से खिलवाड़ करने वालों की निगरानी की। ट्रांसपोर्ट नगर, हसदेव नहर पुल सीतामणी क्षेत्र में पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए तेज रफ्तार से वाहन चलाने, कानफोडू हार्न का उपयोग करने, हेलमेट नहीं लगाने और तीन सवारी चलने के मामले इनमें सामने आए। इनमें से कुछ लोग शराब के नशे में थे। पुलिस ने मौके पर ऐसे वाहन चालकों की खबर ली। उन्हें नियम बताए गए और इन्हें तोड़ने पर होने वाली कार्रवाई से अवगत कराया। सामान्य मामलों में तत्काल पेनाल्टी की गई।



### बचने के लिए की पैतरेबाजी

खबर के मुताबिक रात्रि में पुलिस के द्वारा तेज रफ्तार चलने वाले दोपहिया चालकों पर नकेल कसने का काम किया गया। इस दौरान कई मामले ऐसे भी आए जिनमें लापरवाही का प्रदर्शन चालकों के द्वारा किया गया। पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए कुछ चालकों ने तेज रफ्तार से भागने की कोशिश भी की। ऐसे में पूरी आशंका बनी रहती है कि वह आगे जाकर किसी को ठोक न दे। बाद में ऐसे मामलों को नकारात्मक रूप से प्रस्तुत करने की कोशिश भी की जाती है।

पुलिस ने रात्रि में की गई कार्रवाई के दौरान दोषियों से 15 हजार रुपए की पेनाल्टी वसूल की। जबकि शराब पीकर वाहन चलाने के प्रकरणों में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत आगे कार्रवाई करने को कहा। आज रात भी इस अभियान को इन स्थानों पर जारी रखा जाएगा। साफ तौर पर कहा गया है कि नियम सभी के लिए है और इसकी अनदेखी करने पर शिथिलता की कोई गुंजाइश नहीं होगी।

### बेरिकेट लगा सकती है पुलिस

जिस तरह के नमूने यहां-वहां देखने को आ रहे हैं उससे पूरी संभावना है कि 2023 की विदाई और न्यू ईयर के स्वागत के दौरान पुलिस मुख्य मार्गों और दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए बेरिकेट्स लगाने के साथ कार्रवाई कर सकती है। माना जा रहा है कि इस तरह की व्यवस्था होने पर चालक चाहकर भी तेज नहीं चल सकेंगे और अति उत्साह दिखाने पर उन्हें गिरने का डर भी रहेगा।

## अक्षत कलश लेने जायेंगे ग्रामीण

**कोरबा।** करतला क्षेत्र के 8 गांव के ग्रामीण आज अक्षत कलश लेने शिवमंदिर कुदमुरा जायेंगे। इनके साथ आकाश सक्सेना व नटवर शर्मा भी रहेंगे। आठ गांव के ग्रामीणों की बैठक पहले ही ली जा चुकी है। इनको पहले से ही तैयार रहने कहा गया था। ग्रामीण जनों में अक्षत कलश लाने को लेकर काफी उत्साह है। इस कलश को लाने के बाद उसे हनुमान मंदिर में रखा जायेगा।



*कोरबा से 60 किमी दूर देवपहरी का गोविंद झुंझा जलप्रपात का आकर्षण इन दिनों लोगों को चमत्कृत कर रहा है। चोरनई नदी पर यहां जलप्रपात की स्थिति निर्मित होती है। अंग्रेजी नववर्ष के आने से पहले सैर सपाटे के लिए लोग इस स्थान पर पहुंचना जरूरी समझ रहे हैं। -आदित्य सिंह*

## संभागीय प्रभारी रितेश ने ली बैठक ली

**कोरबा।** युवा मोर्चा के संभागीय प्रभारी रितेश के द्वारा कोरबा क्षेत्र का दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई, जिसमें बुथ को सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया गया। मंडल स्तर पर जनवरी माह में कार्यशाला लगाया जायेगा। शक्ति केंद्रों में प्रमुखों की नियुक्ति होगी। इस बैठक में जिला प्रभारी राजेश बेहरा, जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, नरेंद्र देवांगन, अनुप यादव, किशन केशरवानी, उत्तम रंधावा, दीक्षित देवांगन, प्रीति स्वर्णकार, समजीत सिंह, सुभाष राठौर, जय गर्ग, रूपेश डिक्सेना, पिंकू रंजन, धनंजय चौहान, प्रकाश यादव, किशन साव, रामायण राठिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



## वन मंडल कटघोरा में फिर बेकाबू हो रहे हाथी

**कोरबा।** वन विभाग की लाख कोशिको व सक्त निगरानी के बाद भी जिले के कटघोरा वन मंडल में हाथियों का उत्पात नही थम रहा है। वें बेकाबू हो चले है यहां के एतमा नगर रेंज के गुरसिया सर्किल अंतर्गत बंजारी गांव में हाथियों ने बीती रात जमकर उत्पात मचाते हुए तीन ग्रामीणों के मकान ढहा दिए जिससे तीन परिवार बेघर हो गया है। वन विभाग हाथियो द्वारा किए गए नुकसानी का आकलन करने व पीड़ितो को मुआवजा देने की तैयारी में जुट गया है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा वन मंडल के एतमा नगर रेंज के गुरसिया सर्किल में इन दिनों 32 हाथियों का झुड़ विचरण कर रहा है। इस झुड़ ने बीती रात सक्रियता दिखाते हुए बंजारी गांव पहुंच गया और जमकर उत्पात मचाया इस दौरान हाथियों ने तीन ग्रामीणों के मकान को निशाना बनाते हुए ध्वस्त कर दिया। हाथियो के निगरानी में जुटे वन कर्मी अपने पास उपलब्ध संसाधनों से किसी तरह उत्पात मचा रहें हाथियों को खदेड़ा तब बंजारी गांव में उत्पात थमा वन कर्मी रात भर इस आशंका से डटे रहे कि हाथी पुन: गांव में वापस न आ जाए। सुबह होने पर हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आकलन किया और रिपोर्ट तैयार कर अपने अधिकाायिों को सौंप दिया हाथियो द्वारा क्षेत्र में सक्रियता दिखाई जाने से ग्रामीण दहशत में है। इससे पहले दो हाथियो ने पसान रेंज के पनगंवा में पहुंचकर दो ग्रामीणों के घर को ढहा दिए थे। हाथियो द्वारा क्षेत्र में लगातार उत्पात मचाएं जाने तथा फसल व मकान को नुकसान पहुंचाने से ग्रामीणों में गहन आक्रोश है। केंदई रेंज के गोदवारी में आठ हाथी तथा लालपुर में एक लोनर हाथी घूम रहे है। इन हाथियो ने एक-दो किसानों की फसल को मामूली छति पहुंचाने के अलावा कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचया है।



## बलात्कार का आरोपी को पुलिस ने किया



**कोरबा।** पसान थानांतर्गत डेढ़ वर्ष पूर्व बलात्कार के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया।

बताया गया कि प्रार्थिया पसान निवासी रतन नेताम 27 वर्ष पिता स्व. सुमेर सिंह नेताम ने बम्हनी नदी किनारे पीड़िता के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता ने 7 अक्टूबर 2023 को घटना की रिपोर्ट पसान थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने धारा 376 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी कर रही थी। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया था। उच्चाधिकारियों निर्देश पर पसान थाना प्रभारी नवल साव ने मामले में आगे की कार्रवाई की। आरोपी रतन नेताम को शनिवार को गिरफ्तार कर कटघोरा न्यायालय में पेश किया गया। यहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## मृत्युंजय मंदिर में मंत्री ने की पूजा, समिति ने किया स्वागत

**कोरबा।** शहर के महामृत्युंजय मंदिर, नगर निगम कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 22, शिवाजी नगर, निहारिका कोरबा में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन का स्वागत और मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अरुण शर्मा कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा पतंजलि संरक्षक, डेलिराम साहू, अभिषेक शर्मा, विश्वेश्वर सिंह ठाकुर, अमृत लाल गुप्ता, राम कार्तिक साहू, शिव कुमार साहू, अश्वनी बुनकर, विकास शुक्ला, राजकमल सोनी, चंद्रकांत देशमुख, दीपक कश्यप, अभिषेक, अप्पू ठाकुर, विलास बुटोलिया,अनिल राठौर, रूद्र, हर्षित, रुखमणि देवी राठौर, त्रिवेडी पाटले, विनीता पाटले, उर्मिला यादव, प्रीतम, विभा ध्रुव, सरला सिंह, सुशीला सिंह, सीमा साहू, रजनी सिंह ठाकुर इंदिरा शिला तिवारी मधु सिंह, राजेश्वरी राठौर, सावित्री यादव, गुलाब बरेठ, द्रोपदी चंद्रा, गायत्री यादव, दुर्गेश राठौर, प्रफुल्ल साहू, राज साहू, योगेश राठौर, गजेंद्र साहू, शुभमदीप, एवं समस्त कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

जानकारी के अनुसार रुखमणि देवी राठौर ने लखन लाल देवांगन की जीत के लिए संकल्प लिया था, उनकी कामना पूर्ण होने पर उनको आमंत्रित कर विशेष पूजा-अर्चना की गयी, उसके पश्चात महामृत्युंजय मंदिर के पुरोहित आशुतोषपुरी गोस्वामी एवं नागेश्वरपूरी गोस्वामी द्वारा महादेव की पूजन आरती कराई गई। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. नागेंद्र शर्मा, बूथ अध्यक्ष योग प्रशिक्षक दुर्गेश राठौर, एवं बूथ कार्यकर्त्ता प्रफुल्ल साहू द्वारा साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। मंच संचालन संजय कुर्मवंशी भाजपा महामंत्री द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन करमजीत भारतद्वाज द्वारा किया गया। अतिथि के रूप में प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र देवांगन, नरेंद्र पाटनवार, अब्दुल रेहमान, राधे यादव, सोनू राठौर, अनिल यादव, धनेश्वर सिदार, लक्ष्मण श्रीवास आदि शामिल हुए।

## आरडीएस परेड में शामिल होंगे मनीष

**कोरबा।** शासकीय इं वि स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के एनसीसी कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर मनीष कुमार चयन आरडीसी परेड नई दिल्ली के लिए हुआ है। इस कैंप का हिस्सा बनना एक एनसीसी कैडेट्स के लिए गर्व की बात होती हैं। कैडेट मनीष प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस कैंप परेड एवं प्रधानमंत्री एनसीसी रैली में हिस्सा लेंगे।

कैडेट मनीष कुमार महाविद्यालय में बीए अंतिम वर्ष के छात्र है। गणतंत्र दिवस कैंप (आरडीसी) परेड देश के युवा संगठन राष्ट्रीय कैडेट कोर के अंतर्गत नई दिल्ली मे 1 माह तक चलने वाली सबसे प्रतिष्ठित कैंप है। इसमें चयन के लिए कैडेटों को विभिन्न चरणों की कठिन प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ता है। इसे कैडेट का चयन उनकी मानसिक एवं शारीरिक कुशलता के आधार पर होती हैं।

## देवलाल बनाए गए बसपा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**कोरबा।** देवलाल सोमवंशी को बसपा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। वे काफी दिनों से संगठन में सक्रिय है। उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें यह जवाबदारी दी गई है। देवलाल के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जिलाध्यक्ष मूलचंद सोनवानी, मूलचंद आजाद, मनोज हिरवानी, सत्यजीत कुर्रे, त्रिवेणी भास्कर, जगतराम राठिया, एसआर निराला, बाबूलाल टंडन, भगवती केमेंडीज सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।




सेंट्रल वर्कशॉप कोरबा के अधिकारियो एवम श्रम संघ पदाधिकारियों द्वारा नव पदस्थ महाप्रबंधक व्हीडी जेवियर का बुके देकर स्वागत करते हुए।

## पर्यावरण स्वीकृति लेने में अरूचि, इसलिए बलगी का भविष्य खतरे में : दीपेश



**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत सुराकछार उपक्षेत्र के मेन माइन एवं 3-4 खदान से कर्मचारियों को दिगर इकाइयों में स्थानांतरण की योजना बनाई जा रही है, जिसका एटक श्रम संगठन विरोध कर रही है। एटक नेता दीपेश मिश्रा ने बताया कि पर्यावरण मंजूरी न मिलने के कारणों के चलते दोनों खदान मे खनन गतिविधियों को रोक दिया गया है। इसमें सबसे मजेदार बात यह है कि केंद्रीय पर्यावरण विभाग ने 2015 मे ही सुराकछार प्रबंधन को खनन गतिविधियों को जारी रखने के लिए पर्यावरण मंजूरी लेने को कहा था परन्तु प्रबंधन ने केंद्रीय पर्यावरण विभाग द्वारा जारी किए गए नोटिस को नजरअंदाज करते हुए खनन गतिविधियों को जारी रखने के लिए राज्य पर्यावरण विभाग से संचालित सहमति ले लिया। कोयला उत्पादन जारी रखा जबकि केंद्रीय पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया। अब राज्य पर्यावरण विभाग ने भी पर्यावरण मंजूरी के अभाव में दोनों खदानों में कोयला उत्पादन रोक दिया है। दीपेश मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण मंजूरी एक लंबी प्रक्रिया है जो निश्चित आकार से बड़ी परियोजनाओं के लिए अनिवार्य है। सुराकछार उपक्षेत्र के बलगी खदान भी फरवरी 2024 तक कोयला उत्पादन जारी रखने की अनुमति है याने कि बलगी खदान का भविष्य भी खतरे में है। पर्यावरण मंजूरी के अभाव में कोयला उत्पादन को जो रोक दिया गया है, उसका हल निकाला जाए पर किसी भी मजदूर का स्थानांतरण न किया जाए बल्कि जो मजदूर स्वेच्छा से दीगर इकाइयों मे जाना चाहता है उसे ही ट्रांसफर

## राम मंदिर प्रतिष्ठा दिवस पर सर्व समाज करेगा कार्यक्रम



**कटघोरा।** रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर कटघोरा में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। गायत्री धर्मशाला में सर्व समाज ने बैठक कर कार्ययोजना पर चर्चा कर निर्णय लिया।

इस बैठक में गायत्री परिवार, संस्कार भारती, आर एस एस, भारतीय जनता पार्टी, युवा मोर्चा, सिंधी समाज, अग्रवाल समाज, पटेल समाज कलार समाज, साहू समाज, आदिवासी समाज, विभिन्न नवधा एवं धार्मिक आयोजन संगठन, केशरवानी समाज, व्यापारी संघ एवं समस्त सनातनी बंधु बैठक में शामिल हुए। 22 जनवरी को बिलासपुर मुख्यमार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर पर यह आयोजन होगा। गायत्री परिवार की ओर से सर्वप्रथम सुंदर कांड पाठ किया जाएगा तथा समस्त पूजन की जवाबदारी गायत्री परिवार को दी गई। अनुष्ठान में कई जोड़े शामिल होंगे। दोपहर कोरबा से आये कलाकारों द्वारा संगीतमय सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा। वही शाम को 7 बजे से दुर्ग के कलाकार भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे। आयोजन दिवस पर सभी क्षेत्रों में लोगों से आह्वान किया जाएगा कि वे अपने घरों में न्यूनतम 5 दीपक अवश्य जलाएं। सर्व समाज ने कार्यक्रम की दृष्टि से नगर में भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग प्रशासन से की है।

## कटनी रूट पर सुविधा नहीं, जन भावनाओं पर ध्यान नहीं दे रहा

**कोरबा।** हाल में ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन की बैठक में कोरबा को कुछ सुविधाएं देने पर निर्णय लिया गया है। इस पर क्रियान्वयन बाद के दिनों में हो सकता है। उक्तानुसार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को वापसी में कोरबा लाने और कोरबा से रायगढ़ तक सीधी ट्रेन चलाने को शामिल किया गया है। इन सबसे अलग कोरबा क्षेत्र के हजारों लोगों को कटनी रूट पर आवागमन के लिए रेलवे ने कई दशक बाद भी सुविधा देने में रूचि नहीं ली। इस वजह से लोगों को काफी परेशानियों के साथ यात्रा करनी पड़ रही है।



लंबे समय से मांग की जा रही है कि बिलासपुर इंदौर और बिलासपुर रीवा एक्सप्रेस का संचालन कोरबा से किया जाए। तर्क दिया गया है कि ये दोनों ट्रेन 12 घंटे से अधिक समय तक बिलासपुर में खड़ी रहती हैं। ऐसे में इनके मेंटेनेंस और संचालन के काम में कोई दिक्कत नहीं हो सकती और कोरबा से चलाकर कोयलांचल की बड़ी संख्या को सुविधा का लाभ दिया जा सकता है। बिजली, कोयला और एल्यूमिनियम उद्योग में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के साथ-साथ कई राज्यों के लोग काम करते हैं। उन्हें अपने घरेलू और अन्य कार्यों के लिए संबंधित क्षेत्रों में यात्रा करनी होती है। नाम के लिए कोरबा को डी ग्रेड का स्टेशन बना दिया गया है और लगातार इसे मॉडल बनाए जाने के दावे किये जा रहे हैं लेकिन यह सब केवल मुंह और फाइलों में सीमित है। अलग-अलग स्तर पर की जा रही मांग और आवश्यकता का पता होने पर भी रेलवे ने कटनी रूट पर कोरबा से सीधी ट्रेन चलाने को लेकर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है। इन सब कारणों से लोगों को अपने गंतव्य को जाने के लिए अतिरिक्त समय और रूपए जाया करने पड़ रहे हैं। रेल संघर्ष समिति ने एक बार फिर दोहराया है कि चुनावी सीजन में जिस तरह से अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस को वापसी में कोरबा तक लाने और रायगढ़ के लिए सीधी ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही कटनी रूट पर नई गाड़ियां चलाने का विचार होना चाहिए।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com